सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 20, अंक-03, शनिवार , 21 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

युवाओं के करिअर से खिलवाड़ करने वालों को तबाह करे देंगे; रील नहीं, फ्यूचर स्क्रॉल कीजिए - सीएम योगी

गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं के भविष्य और उनके करिअर से खिलवाड़ करने वालों को सरकार बख्शेगी नहीं। ऐसा करने वालों का करिअर तबाह कर दिया जाएगा। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों पर मुन्ना भाई और सैफई सिंडिकेट का दबदबा था। नौजवानों की नौकरियों पर डकैती डाली जाती थी, लेकिन अब प्रदेश में पारदर्शी तरीके से तेजी से भर्तियां हो रही हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंपा देवी पार्क में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के दूसरे चरण के तहत आयोजित टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गोरखपुर मंडल के 50 हजार विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इनमें गोरखपुर के 35 हजार और देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज के पांच-पांच हजार विद्यार्थी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से 23 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी नौकरियों को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में साढ़े नौ वर्षों में करीब पौने दस लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी मिली है। हालिया भर्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस और राजस्व विभाग में हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। सीएम ने घोषणा की कि 8,000 लेखपालों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगले एक सप्ताह में उन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। वहीं, 32 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती का सत्यापन अंतिम चरण में है। इन्हें नवंबर के अंत या दिसंबर के पहले सप्ताह तक नियुक्ति पत्र मिल सकते हैं। इसके अलावा 42 हजार से अधिक होमगार्डों की भर्ती प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नकल माफिया और पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्त कानून बनाया है। इसमें आजीवन



कारावास, एक करोड़ रुपये तक जुमार्ना और पैतृक संपत्ति जब्त करने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को तकनीक से जोड़ने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। दूसरे चरण में 25 लाख युवाओं को टैबलेट देने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि टैबलेट में इंफोसिस के सहयोग से 18 हजार से अधिक मुफ्त कोर्स उपलब्ध कराए गए हैं। युवा साथी ऐप के माध्यम से मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा योजना, छात्रवृत्ति और इंटर्नशिप समेत केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी। कहा कि तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उसे खुद पर हावी न होने दें। हर वायरल कंटेंट सच नहीं होता, इसलिए कुछ भी साझा करने से पहले तथ्य की जांच जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा, "रील पर बेशक 30 सेकंड दीजिए, लेकिन अपनी स्किलिंग के लिए 30 मिनट से तीन घंटे का समय जरूर निकालिए। फीड नहीं, बल्कि अपना फ्यूचर स्क्रॉल कीजिए।"

आर्यवर्धन की मौत पर जताया आक्रोश, सपा को घेरा

मुख्यमंत्री ने चौरीचौरा के 14 वर्षीय छात्र आर्यवर्धन सिंह की मौत का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधवार को अपनी छोटी बहन को केंद्रीय विद्यालय से लेने जा रहे दसवीं के छात्र को समाजवादी पार्टी के रोड शो के दौरान निकले जुलूस ने रौंद दिया। उन्होंने बताया कि आर्यवर्धन ऐतिहासिक चौरीचौरा आंदोलन के क्रांतिकारी शिव पूजन सिंह के परिवार से था। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अराजकता और गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले लोग चुनाव हारने के बाद शांत हो जाते हैं और चुनाव नजदीक आते ही फिर सक्रिय हो जाते हैं।

नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब सरकार नशे के सौदागरों के विरुद्ध सख्त अभियान शुरू करने जा रही है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को शिक्षा, कौशल और रोजगार में लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि 2016-17 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है। प्रति व्यक्ति आय और प्रदेश के बजट में भी तीन गुना वृद्धि हुई है।

योगी के संन्यास ग्रहण करने के बाद गोरखनाथ मंदिर में मिलने आई थीं माता सावित्री देवी

गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी (91 वर्ष) का शुक्रवार सुबह उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर में निधन हो गया। खबर सुनते ही शिक्षाविदों और भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर छा गई। योगी आदित्यनाथ (अजय सिंह बिष्ट) के संन्यास ग्रहण करने के बाद एक बार उनके पिता आनंद सिंह बिष्ट के साथ मां सावित्री देवी गोरखनाथ मंदिर आई थीं। तत्कालीन महंत अवेद्यनाथ से मिलने के बाद दोनों ने योगी से मुलाकात की और वापस चले गए। फिर वो भी कभी गोरखनाथ मंदिर नहीं आए और न ही उनके परिवार का कोई सदस्य ही कभी आया। गोरखनाथ मंदिर प्रबंधन के सचिव द्वारिका तिवारी बताते हैं, नवंबरा 1993 में योगी आदित्यनाथ अपने घर का त्याग कर गोरक्षपीठ में महंत अवेद्यनाथ की शरण में आ गए थे। चार महीने तक यहां पर सेवा भाव करने के बाद उन्हें फरवरी महीने में वसंत पंचमी के दिन 1994 में संन्यास



ग्रहण कराया गया। जिस दिन उन्होंने संन्यास ग्रहण किया उस दिन उनका नया नामकरण हुआ और उनको योगी आदित्यनाथ नाम दिया गया। संन्यास ग्रहण करने वाले व्यक्ति के बारे में मान्यता है कि जिस दिन वो संन्यास ग्रहण करता है उस दिन उसका नया जन्म होता है, और तभी उसे नया नाम भी मिलता है। उसी दिन से योगी ने घर परिवार सब छोड़ कर नाथ पीठ की मानव कल्याण की जो परंपरा थी उसे अपना लिया। यह सूचना मिलने पर उनके माता-पिता मिलने आए थे। उसके बाद नाथ परंपरा के अनुसार 1995 में योगी अपनी माता से भिक्षा मांगने के लिए अपने गांव गए थे।

पीएम मोदी का लखनऊ दौराः कौशल दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल, 52 नेशनल टॉपर्स को करेंगे सम्मानित

लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह राजधानी लखनऊ में आयोजित पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब 5:30 बजे गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचेंगे। यहां वह कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर राजधानी में तैयारियां की जा रही हैं। कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इस साल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) और इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (आईटीओटी) के 52 राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मान मिलेगा। पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह की शुरूआत शैक्षणिक सत्र 2021-22 में हुई थी। इसके बाद यह आयोजन कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचान देने वाला राष्ट्रीय मंच बन गया है। इसके जरिये देशभर के कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के टॉपर्स और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। इस समारोह का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। साथ ही प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं के रोजगार और कामकाजी दुनिया में प्रवेश को प्रोत्साहित करना भी इसका अहम मकसद है।

भारत की पाकिस्तान को दो टूक- आत्मनिर्णय के नाम पर संप्रभुता से खिलवाड़ नहीं करेंगे सहन

संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान पर 'आत्मनिर्णय' के सिद्धांत का घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। भारत ने स्पष्ट कहा कि आत्मनिर्णय के सिद्धांत का इस्तेमाल किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने गुरूवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर चार्टर के कुछ बुनियादी सिद्धांतों जैसे- आत्मनिर्णय को नए सिरे से परिभाषित करने और संकीर्ण या घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए चुनिंदा तरीके से लागू करने की लगातार कोशिशें अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि आत्मनिर्णय का सिद्धांत उपनिवेशवाद से



मुक्ति का माध्यम है। यह किसी देश से अलग होने या संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य देश की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने का औचित्य नहीं हो सकता। भाविका मंगलानंदन ने अपने बयान में पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका निशाना स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की ओर था। पाकिस्तान अक्सर मुद्दे की प्रासंगिकता की परवाह किए बिना कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है और इसे आत्मनिर्णय के अधिकार से जोड़कर पेश करता है। मंगलानंदन ने कहा, 'हम दोहराना चाहेंगे कि जो देश अब स्वतंत्र हो चुके हैं, वहां आत्मनिर्णय का सिद्धांत लोकतांत्रिक विकल्प के नियमित इस्तेमाल के माध्यम से सबसे बेहतर तरीके से कायम रखा जाता है।' भारत का लगातार यह रुख रहा है कि पाकिस्तान जनमत संग्रह की मांग उठाता रहा है, लेकिन कश्मीर के लोगों ने भारत में लोकतांत्रिक चुनावों में हिस्सा लेकर और अपने प्रतिनिधियों को चुनकर भारत के साथ रहने का अपना विकल्प जाहिर कर दिया है। भाविका मंगलानंदन संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति की बैठक में बोल रही थीं। यह समिति सामाजिक और मानवीय मामलों से जुड़े मुद्दों पर काम करती है। बैठक में पाकिस्तान की ओर से प्रस्तावित 'लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार का सार्वभौमिक रूप से साकार होना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा था।

मां के निधन के बाद सीएम योगी के सभी कार्यक्रम रद्द, पैतृक गांव के लिए रवाना हुए

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के निधन के बाद उनके सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अब गोंडा नहीं जाएंगे। वह गोरखपुर से लखनऊ के रास्ते सीधे उत्तराखंड अपने पैतृतक आवास के लिए रवाना हो गए। जहां अपनी मां के अंतिम दर्शन करेंगे। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार ऋषिकेश के संपूर्णानंद घाट पर किया जाएगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का 89 वर्ष की आयु में उत्तराखंड के पौड़ी जिले स्थित पैतृक गांव पंचूर में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर है। मां के निधन की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पहले उनका गोंडा जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन अब वह वहां नहीं जाएंगे। सावित्री देवी का अंतिम संस्कार शनिवार को ऋषिकेश में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी मां के अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपनी मां से आखिरी मुलाकात इसी साल मई में हुई थी। सात मई को दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर वह अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे। आठ मई को उन्होंने अपने पैतृक आवास पर मां सावित्री देवी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया था। अब मां के निधन की खबर ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार को गहरे शोक में डाल दिया है।

ईडी की शक्तियों पर फिर कानूनी लड़ाईः पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी में याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में 2022 के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। इस फैसले में कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को बरकरार रखा था। इन शक्तियों के तहत ईडी को धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामलों में गिरफ्तारी करने का अधिकार है। संपत्तियों को जब्त करने का भी अधिकार है। इसके अलावा तलाशी लेने और सामान जब्त करने का भी अधिकार है। ये सभी अधिकार मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत दिए गए हैं।

सीजेआई ने क्या कहा?

यह मामला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी मोहना की बेंच के सामने आया। मामले में पेश हुए वकीलों ने बेंच से जल्द से जल्द सुनवाई की तारीख देने का अनुरोध किया। इस पर बेंच ने कहा, 'हम जनवरी में इसकी सुनवाई कर सकते हैं'। सीजेआई ने कहा, सुनवाई की तारीख की सूचना दी जाएगी। मामले पर जनवरी में सुनवाई होगी। पिछले साल 31 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह पहले यह देखेगा कि पुनर्विचार याचिकाओं पर दोबारा सुनवाई की जा सकती है या नहीं। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'प्रवर्तन निदेशालय ने तीन शुरूआती मुद्दे उठाए हैं। ये मुद्दे मुख्य रूप से पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई की योग्यता से जुड़े हैं'। कोर्ट ने यह भी कहा था कि पुनर्विचार याचिका दायर करने वालों ने विचार के लिए 13 सवाल रखे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था, 'चूंकि ये मुद्दे पुनर्विचार याचिकाओं से जुड़े हैं, इसलिए हम सबसे पहले सभी पक्षों को इस बात पर सुनेंगे कि इन याचिकाओं पर दोबारा सुनवाई की जा सकती है या नहीं। इसके बाद उन सवालों पर सुनवाई करेंगे, जिन्हें पुनर्विचार याचिका दायर करने वालों ने उठाने का प्रस्ताव दिया है'। केंद्र सरकार ने कहा था कि पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई उन दो खास मुद्दों से आगे नहीं बढ़ सकती, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने तय किया था। इस बेंच ने अगस्त 2022 में इन याचिकाओं पर नोटिस जारी किए थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि अगस्त 2022 में पुनर्विचार याचिकाओं को शुरूआती सुनवाई के लिए देखने वाली बेंच ने सिर्फ दो मुद्दों पर नोटिस जारी किए थे। पहला मुद्दा आरोपी को ईसीआईआर की कॉपी देने से जुड़ा था। दूसरा मुद्दा मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून की धारा 24 के तहत सबूत देने की जिम्मेदारी आरोपी पर डालने से जुड़ा था।

2022 में सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला दिया था?

सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2022 में ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था। कोर्ट ने कहा था कि ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में गिरफ्तारी करने का अधिकार है। वह ऐसी संपत्तियों को जब्त कर सकती है, जिनका संबंध मनी लॉन्ड्रिंग से है। उसे तलाशी लेने और सामान जब्त करने का भी अधिकार है।

राजाभैया बोले : बाबा बागेश्वर की कथा रोकने की बात करने वालों को देश-प्रदेश ने दिया मुंहतोड़ जवाब

प्रतापगढ़



कुंडा के बेंती राजमहल में चल रही श्री रामकथा के अंतिम दिन शुक्रवार को जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जात-पात का भेदभाव मिटाकर सभी को एक साथ आना होगा। सबसे आसान काम लोगों को तोड़ना और उनमें फूट पैदा करना है, जबकि सबसे कठिन काम उन्हें एकजुट करना है। आज भी राजनीतिक दल फूट डालो और शासन करो की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बिना कहा कि जब कथा नहीं होने देने की बात कही गई थी, तब पूरे देश और प्रदेश के लोगों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश नहीं, बल्कि भारत है। बागेश्वर बाबा को उत्तर प्रदेश में घुसने नहीं देने की बात कही गई थी। रामकथा में तीन-चार हेलीकॉप्टर से वीवीआईपी आते रहे हैं। हम चाहते तो बागेश्वर बाबा को भी हेलीकॉप्टर से ला सकते थे, लेकिन हम देखना चाहते थे कि उन्हें कौन रोकता है। इसलिए प्रयागराज से बाबा बागेश्वर को लेकर आए। राजा भैया ने कहा कि वे हिंदुओं को एकजुट करने और जात-पात का भेदभाव खत्म करने की बात करते हैं। यही वजह है कि कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। कुछ लोग नहीं चाहते कि हिंदू एकजुट हों। उन्होंने कहा कि भारत के हर जनपद में रामकथा का आयोजन किया जाएगा। भारत हिंदू राष्ट्र बने, यह हमारी कामना है। हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना हम सभी का धार्मिक कर्तव्य है। उन्होंने रामकथा के सफल आयोजन में जुटे स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि अंगद दल, हनुमान दल और जामवंत दल के रूप में स्वयंसेवकों को तीन श्रेणियों में बांटा गया था। सभी ने पूरी मेहनत और समर्पण से अपनी जिम्मेदारी निभाई।

बांग्लादेश में बिगड़े हालात: नेताओं के घरों से लेकर पुलिस थानों तक आगजनी और तोड़फोड़, 12 जिलों में हिंसा

ढाका

बांग्लादेश में पिछले छह दिनों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है, जिसमें आगजनी, देसी बम विस्फोट, तोड़फोड़, सड़कें जाम करना और झड़पें शामिल हैं। इस हिंसा में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। 14 से 19 नवंबर के बीच कम से कम 12 जिलों में हुई हिंसा के दौरान पुलिस थानों, राजनीतिक नेताओं के घरों, सरकारी दफ्तरों, वाहनों, परिवहन ढांचे, और वित्तीय व शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश के दैनिक समाचार पत्र 'द बिजनेस स्टैंडर्ड' की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच कई जिलों में अवामी लीग के नेताओं और पार्टी से जुड़े लोगों के घरों पर हमले हुए। इन घरों में तोड़फोड़ की गई, लूटपाट की गई और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। 18



नवंबर को ढाका के उत्तरी इब्राहिमपुर इलाके में 'स्वेच्छासेबक लीग' के अध्यक्ष गाजी मेस्बाउल हुसैन साच्चू के घर पर हमला हुआ। बताया गया है कि 20-25 लोगों के एक समूह ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और गैरेज में खड़ी एक मोटरसाइकिल तथा सोफे में आग लगा दी। उसी रात करीब 9 बजे, राजधानी के मीरपुर इलाके में 'जुबो लीग' के महासचिव मैनुल हुसैन खान निखिल के घर पर हमला किया गया, वहां तोड़फोड़ की गई और घर को आग लगा दी गई। आरोप है कि इन हमलों में सत्ताधारी बीएनपी पार्टी के छात्र संगठन 'छात्र दल' के कार्यकर्ता शामिल थे। इसके अलावा, बुधवार को राजशाही जिले के बाघा उपजिला में उपद्रवियों ने पूर्व राज्य मंत्री शहरयार आलम के चार मंजिला घर की चारदीवारी फांदकर अंदर पेट्रोल डाला और उसे आग के हवाले कर दिया। बारीसाल जिले में पूर्व मंत्री जहांगीर कबीर नानक और सेवानिवृत्त मेजर जनरल जियाउल अहसान के घरों में भी तोड़फोड़ की गई और उन्हें आग लगा दी गई। साथ ही, पटुआखाली जिले में बुधवार और गुरुवार के बीच हमलावरों ने अवामी लीग के नेताओं और उससे जुड़े संगठनों के नेताओं के कम से कम सात घरों में आग लगा दी। इनमें पूर्व सांसद शाहजहां मिया का घर भी शामिल था। गुरुवार तड़के सोनागाजी में फेनी-3 के पूर्व सांसद हाजी रहीम उल्लाह के पैतृक घर में लूटपाट की गई और उसे आग लगा दी गई, जबकि कुमिला में पूर्व सांसद एकेएम बहाउद्दीन बहार के घर को भी निशाना बनाया गया।

'पाकिस्तान के फैन बॉय हैं राहुल गांधी': शिकागो में दिए बयान पर भाजपा का तीखा हमला, पूछा- आपको इतना लगाव क्यों?

नई दिल्ली



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने शिकागो यूनिवर्सिटी में दिए गए राहुल गांधी के बयानों के लिए उन्हें 'पाकिस्तान का फैन बॉय' करार दिया। शिकागो यूनिवर्सिटी में, राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने तर्क दिया कि वैश्विक चचाओं में भारत की भूमिका अधिक सक्रिय होनी चाहिए। इसके साथ ही चिंता जताई कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत अब केवल एक 'गौण खिलाड़ी' (साइड खिलाड़ी) बनकर रह गया है। गांधी ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में पाकिस्तान की भूमिका का भी जिक्र कि या। प्र दी प भंडारी ने पलटवार करते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन ने शांति प्रयासों में भारत की भूमिका को स्वीकार किया है, और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों के लिए 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से जुड़ी पाबंदियों में छूट दी है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधी को पाकिस्तान से इतना लगाव क्यों है! हर वैश्विक मंच पर, राहुल एक 'पाकिस्तान फैन बॉय' की तरह बर्ताव करते हैं! एक बार फिर, उन्होंने विदेश नीति के मामले में पाकिस्तान को अपना आदर्श (रोल मॉडल) बना लिया है!' उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें यह भुला दिया है कि भारत ने शांति प्रयासों के जरिए रूस और यूक्रेन दोनों से मान्यता हासिल की है। ईरान ने भी होर्मुज में भारतीय जहाजों के लिए पाबंदियां हटाई हैं। 'आतंकवादी देश' पाकिस्तान के प्रति राहुल गांधी के इसी प्रेम के कारण यूपीए सरकार ने शर्म अल-शेख में भारत की संप्रभुता से समझौता किया और 26/11 के आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान पर कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की।'

प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह पहली बार आएंगे भारत, पीएम मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 22-23 नवंबर को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। मार्च 2026 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 23 नवंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान वे भारत-नेपाल संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत जुड़ाव तथा लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। व्यापार और वाणिज्य, विकास साझेदारी, ऊर्जा और जल संसाधन, तथा भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग ने प्रगति की है। इसके साथ ही, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी और नवाचार, तथा खेल जैसे नए क्षेत्रों में भी आपसी जुड़ाव बढ़ रहा है।

सम्पादकीय

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या 29% बढ़ी, मौतों में 63% का इजाफा



तीर्थयात्रा आस्था का विषय है, लेकिन श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित रखना शासन का दायित्व। मौत के आंकड़े महज संख्या नहीं, उन परिवारों की उजड़ी दुनिया है, जो अपनों को दर्शन के लिए भेजकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा करते रहे। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को सरकार पर्यटन और धार्मिक आस्था की सफलता के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, मगर इस उत्साह के पीछे मौतों का बढ़ता आंकड़ा व्यवस्था की असफलता का आईना है। इस वर्ष चारधाम और हेमकुंड साहिब पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या 29 फीसद बढ़कर 65.65 लाख से अधिक हो गई, वहीं मौतों में 63 फीसद का इजाफा हुआ। इस दौरान कुल 297 श्रद्धालुओं की जान गई। आखिर यह कैसी व्यवस्था है, जिसमें यात्रियों की संख्या तो बढ़ती है, मगर उनकी सुरक्षा की गारंटी कमजोर पड़ती जाती है? पहाड़ों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, कम तापमान, ऊंचाई, ऑक्सीजन की कमी और शारीरिक थकान यात्रियों के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इसकी जानकारी सरकार और प्रशासन को पहले से होती है। फिर भी स्वास्थ्य जांच, मार्गों पर पर्याप्त चिकित्सा केंद्र, प्रशिक्षित कर्मियों, एंबुलेंस, ऑक्सीजन और आपातकालीन उपचार की व्यवस्था क्यों नहीं होती? जब केदारनाथ और बदरीनाथ में स्वास्थ्य कारणों से 229 श्रद्धालुओं की मौत हुई, तो यह समूची व्यवस्था की समीक्षा का विषय होना चाहिए। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ वाहनों की आवाजाही में भी तीस फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। पहाड़ी सड़कों पर यातायात का दबाव, जाम, दुर्घटनाओं की आशंका और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही बाधित होना स्वाभाविक है। मगर क्या सरकार ने यात्रियों की संख्या और वाहनों की क्षमता के बीच संतुलन बनाने के लिए कोई प्रभावी योजना तैयार की? केवल पंजीकरण, निर्देश और घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। क्षमता से अधिक यात्रियों को अनुमति देना भी जोखिम को आमंत्रित करना है। तीर्थयात्रा आस्था का विषय है, लेकिन श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित रखना शासन का दायित्व। मौत के आंकड़े महज संख्या नहीं, उन परिवारों की उजड़ी दुनिया है, जो अपनों को दर्शन के लिए भेजकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा करते रहे। सरकार को इन मौतों की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और चिकित्सा, यातायात तथा आपातकालीन सेवाओं की कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनानी चाहिए। आस्था के मार्ग पर श्रद्धालुओं को व्यवस्था की लापरवाही का शिकार नहीं होने दिया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों को दी नसीहत, कांग्रेस बोली - 12 साल बाद पीएम ने मानी हमारी बातें, अब शिकायत नहीं नीतियों की विफलता स्वीकार करें

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव (संचार) श्री जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री के फिक्की कार्यक्रम में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 12 साल में पहली बार एक घबराए और बेचैन प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के बड़े कारोबारियों को नसीहत दी है।

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कल वही बातें दोहराईं, जो कांग्रेस लंबे समय से उठाती आ रही है और जो 2024 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में भी प्रमुखता से उठाई गई थीं। उस समय इन बातों को सच्चाई से परे बताया जाता था। पहली बात, लोगों की तनख्वाह नहीं बढ़ रही है। दूसरी बात, टैक्स की दरें कम करने के बावजूद निजी निवेश में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं हुई है। तीसरी बात, देश में रोजगार के अवसर उस रफ्तार से नहीं बढ़ रहे हैं, जितनी जरूरत है।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के बड़े कारोबारियों के लिए प्रधानमंत्री की ये बातें हैरान करने वाली रही होंगी, क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं रही होगी कि प्रधानमंत्री खुद इन समस्याओं को स्वीकार करेंगे और कांग्रेस की कही बातों को दोहराएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री ने पूरी सच्चाई नहीं बताई। आज देश की अर्थव्यवस्था जिन मुश्किलों से गुजर रही है, उसके लिए उनकी सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं और इसका खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पिछले बारह सालों में आर्थिक ताकत कुछ चुनिंदा बड़े कारोबारियों के हाथों में सिमट गई है, प्रतिस्पर्धा खत्म होती जा रही है और छोटे कारोबारियों, उद्योगों और आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। डर और दबाव के माहौल से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। सरकारी नियामक संस्थाओं पर कुछ चुनिंदा लोगों का दबदबा बनने दिया गया और जांच एजेंसियों का इस्तेमाल इस तरह किया गया कि फायदा सिर्फ एक कारोबारी समूह को मिलता दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है, जिससे लाखों छोटे और मझोले उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं और लाखों लोगों की आजीविका पर असर पड़ा है। नोटबंदी जैसे आत्मघाती फैसले से अर्थव्यवस्था को पहले ही बड़ा झटका लगा था, इसके बाद जटिल और उलझे हुए जीएसटी को भी थोप दिया गया, जिसकी मुश्किलों का सामना छोटे कारोबारियों को आज तक करना पड़ रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अब शिकायतें करना बंद करना चाहिए और अपनी सरकार के कामकाज और नीतियों की विफलता को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 12 साल के शासन में महंगाई बेकाबू है, रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं और निजी निवेश की रफ्तार भी सुस्त है। सिर्फ भाषण देने और उद्योगपतियों को नसीहत देने से अर्थव्यवस्था नहीं चलती, इसके लिए सही नीतियां, भरोसे का माहौल और जवाबदेह सरकार चाहिए।

जनकपुरी में बीमा के नाम पर साइबर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, मालिक समेत 43 लोग पकड़े गए

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस के पश्चिमी जिले की टीम ने जनकपुरी में चल रहे बीमा से जुड़ी साइबर ठगी के संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉल सेंटर के मालिक समेत 43 लोगों को पकड़ा है, जिनमें 32 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। आरोपी ढठइ टी३छछी, रइक इंश्योरेंस, क्चक्चक छछ्बुंर्१ और भारती अअ जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि बनकर पॉलिसीधारकों को फोन करते थे और पॉलिसी अपग्रेड व फर्जी लाभ का झांसा देकर ठगी करते थे।

4 नवंबर को मिली गुप्त सूचना पर एसीपी ऑपरेशंस राजेश कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अमित धानी की टीम ने ए-3/11, दूसरी मंजिल, जनकपुरी स्थित ठिकाने पर छापा मारा। छापे के दौरान कर्मचारी कीपैड फोन से कॉल करते हुए मिले। मौके से 2 लाख रुपये नकद, 48 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 38 सिम कार्ड, 22 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, पॉलिसीधारकों के विवरण वाली 619 शीट, 67 रजिस्टर और AMSR Wealth Creators Pvt. Ltd. नाम के 38 फर्जी पहचान पत्र बरामद किए गए।

पुलिस ने इस मामले में थाना जनकपुरी में एफआईआर नंबर 450/2026 दर्ज कर मालिक विशाल कपूर, एडमिन नितिन शर्मा, एचआर मैनेजर गुंजन, असिस्टेंट मैनेजर अजय और मैनेजर भीम को गिरफ्तार किया है, जबकि बाकी 38 टेलीकॉलर हैं। जांच में सामने आया कि मालिक विशाल कपूर पॉलिसीधारकों का डेटा टेलीकॉलरों को देता था, टेलीकॉलर ग्राहकों को फंसाकर मैनेजर के जरिए मालिक तक पहुंचाते थे और मालिक बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कराता था। मालिक के मोबाइल में मिले दो बैंक खाते राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज पांच शिकायतों से जुड़े पाए गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर फायरिंग की साजिश नाकाम की, दो आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग रेस्क्यू

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस की हजरत निजामुद्दीन थाना पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर फायरिंग की साजिश को नाकाम करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को रेस्क्यू किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, 11 जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक स्कूटर बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक, 19 नवंबर की सुबह करीब 5 बजे मिली विशेष सूचना के आधार पर एसएचओ सुनील राजेंद्र के नेतृत्व में टीम ने निजामुद्दीन पश्चिमी इलाके की एक गली के पास कार्रवाई की। इस दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा गया। उनकी तलाशी में चार पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान साजिद रिशी और पार्थ मेविक के रूप में हुई है। दोनों गाजियाबाद के लोनी के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक सहयोगी के जरिए कथित गैंगस्टर रशीद केवलवाला के संपर्क में आए थे। सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड ऐप के जरिए उनकी बातचीत होती थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों को निजामुद्दीन इलाके में रहने वाले एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर फायरिंग करने का टास्क दिया गया था। हथियारों का इंतजाम भी गैंग की ओर से किया गया था। इसी साजिश को अंजाम देने के लिए आरोपी गाजियाबाद से दिल्ली आए थे और एक गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच में इन्फ्लुएंसर को धमकी देने और कथित तौर पर गैंग से संबंध दिखाने वाली चैट भी मिली हैं। पुलिस का कहना है कि संबंधित इन्फ्लुएंसर ने पूछताछ में पहले भी रशीद केवलवाला की ओर से धमकी मिलने की बात बताई है। इस संबंध में पहले से रंगदारी का मामला भी दर्ज बताया गया है।

फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और साजिश में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

पूर्वी दिल्ली पुलिस का बड़ा अभियानः महिला व बाल सुरक्षा के लिए जागरूकता, साइबर सेफ्टी और आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



पूर्वी जिला पुलिस ने महिला, बालिका और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिले भर में जागरूकता अभियान चलाया। प्रीत विहार के मदर्स ग्लोबल स्कूल में चाइल्ड सेफ्टी कार्यक्रम में बच्चों को गुड टच-बैड टच, छेड़छाड़, बुलिंग, साइबर सेफ्टी, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेल, गेमिंग की लत और नशे से बचाव के बारे में बताया गया।

दल्लूपुरा, कोंडली के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला व बाल सुरक्षा कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन शोषण की जानकारी दी गई, साथ ही सशक्ति पहल के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया।

त्रिलोकपुरी के 27 ब्लॉक बस स्टैंड पर महिलाओं और आम लोगों को छेड़छाड़, पीछा करने, साइबर स्टॉकिंग, फोटो के दुरुपयोग और बसों में लगे एसओएस बटन के इस्तेमाल के बारे में जागरूक किया गया। वहीं खिचड़ीपुर के केंद्रीय विद्यालय में लड़कों के लिए साइबर क्राइम जागरूकता सत्र में साइबर फ्रॉड, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड और पासवर्ड सुरक्षा के बारे में समझाया गया।

पुलिस ने अपील की है कि अभिभावक, शिक्षक और छात्र सतर्क रहें, बच्चों से खुलकर बात करें और किसी भी तरह के उत्पीड़न या साइबर अपराध की सूचना तुरंत दें। हेल्पलाइनः 112 - पुलिस आपातकाल, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 1091 - महिला हेल्पलाइन, 1930 - साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन

जामिया नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कुख्यात ऑटो लिफ्टर नौशाद गिरफ्तार, 4 चोरी की बाइक और देसी कट्टा बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली जामिया नगर थाना पुलिस ने कुख्यात ऑटो लिफ्टर नौशाद (22) को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ कुल 4 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में बढ़ती दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए एंटी एमवी थेफ्ट टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर आरोपी की पहचान की। 18-19 नवंबर की रात गुप्त सूचना पर ओखला विहार पट्टी, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के नीचे छापा मारकर आरोपी को चोरी की टीवीएस जुपिटर के साथ पकड़ा गया, जो एनएफसी थाने में चोरी के मामले में वांछित थी। तलाशी में उसके पास से कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और अपने साथी इंतकाब उर्फ गूंगा के साथ मिलकर जामिया नगर, शाहीन बाग और सनलाइट कॉलोनी इलाके में वाहन चोरी करता था। उसने यह कट्टा 6000 रुपये में इंतकाब से ही खरीदा था, जो अभी फरार है। आरोपी की निशानदेही पर पैशन प्रो, मेस्ट्रो स्कूटर और हीरो स्प्लेंडर समेत 3 और चोरी के वाहन बरामद किए गए। इस गिरफ्तारी से आर्म्स एक्ट के एक मामले सहित चोरी के कुल 8 मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी पहले भी आर्म्स एक्ट और साइबर फ्रॉड के मामलों में शामिल रह चुका है।



शास्त्री पार्क पुलिस ने दो झपटमारों को दबोचा, छीना गया iPhone 16 और चोरी की स्कूटी बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। 17 नवंबर को जीरो पुश्ता बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही महिला से मोबाइल फोन छीनकर फरार हुए आरोपियों को पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए ट्रेस कर दबोचा।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान गौतम विहार निवासी मोहम्मद असीम उर्फ हासीम (26) और साहिल (23) के रूप में की है। पूछताछ में दोनों ने वारदात कबूल कर ली। उनके कब्जे से पीड़िता का छीना गया iPhone 16 और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हुई है, जो कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी की निकली।



जांच में पता चला कि दोनों आरोपी पहले भी आर्म्स एक्ट और मारपीट के मामलों में शामिल रह चुके हैं। यह कार्रवाई एसएचओ इंस्पेक्टर मनजीत तोमर के नेतृत्व में एसीपी सीलमपुर सुशील कुमार की देखरेख में की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, मिशन और कार्यों को समर्पित पुस्तक कुछ कही, कुछ अनकही का नितिन नवीन ने किया विमोचन, गुजरात के विकास और मोदी जी के जनजुड़ाव को बताया प्रेरणादायक

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन, मिशन और उनके कार्यों पर आधारित पुस्तक कुछ कही, कुछ अनकही का विमोचन करते हुए भाजपा नेता श्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने शुरूआती मुलाकातों के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आए थे, तब उनसे उनकी पहली संक्षिप्त मुलाकात हुई थी। इसके बाद वर्ष 2012 में एक मंच पर उनसे दोबारा मिलने का अवसर मिला। उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे सीधे दो महत्वपूर्ण बातें कही थीं, जिन्हें नितिन नवीन ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के सामने साझा किया।

नितिन नवीन ने बताया कि उस समय उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि नरेंद्र मोदी उन्हें कितना जानते हैं। वे तो केवल उन्हें देखते और सुनते आए थे। वर्ष 2012 की मुलाकात के दौरान मोदी जी ने पहली बात यह कही थी कि गुजरात आने वाले लोग केवल उनसे मिलने नहीं आते, बल्कि गुजरात के विकास के प्रति उनकी भावना और गुजरात के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव के कारण उनसे जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को एक राज्य की भावना और उसके विकास से जोड़कर रखते हैं और इसी जुड़ाव के माध्यम से लोगों को अपने साथ जोड़ते हैं। यही भावनात्मक संबंध बड़ी संख्या में लोगों को उनकी ओर आकर्षित करता है।



नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और उनके अनुभवों से यह समझने का अवसर मिलता है कि जनता के साथ भावनात्मक जुड़ाव, विकास के प्रति प्रतिबद्धता और लोगों को साथ लेकर चलने की क्षमता किसी भी जननेता के लिए कितनी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ हुई मुलाकात के दौरान कही गई दूसरी बात का भी उल्लेख करना शुरू किया, हालांकि उपलब्ध वक्तव्य में उसका विवरण अधूरा है।

वार्ड 166 पुष्प विहार से भाजपा प्रत्याशी नरेश को मिला निर्वाचन प्रमाण पत्र, 23 नवंबर को पार्षद पद की शपथ की संभावना

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली, 20 नवम्बर : वर्ष 2022 के एम.सी.डी. चुनाव में वार्ड 166 पुष्प विहार से भाजपा प्रत्याशी श्री नरेश को आज दक्षिण जिला की अपर जिला मजिस्ट्रेट सुश्री पूनम (दैनिक) द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण जिला के आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।



इसके पश्चात दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने भी श्री नरेश को वार्ड 166 से पार्षद घोषित करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है।

श्री नरेश के सोमवार, 23 नवम्बर 2026 को पार्षद के रूप में शपथ लेने की संभावना है।

आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज में तीन दिवसीय सी.डी.ई. एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज, गाजियाबाद के कंजरवेटिव डेन्टिस्ट्री एवं एंडोडोन्टिक्स विभाग द्वारा दिनांक 18 से 20 नवंबर, 2026 तक तीन दिवसीय सी.डी.ई. एवं कार्यशाला कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय डोक्यू-डेन्ट बीयोन्ड द केस - एवरी केस हैज ए स्टोरी था। इस कार्यश ाला में 100 से अधिक बी.डी.एस. छात्र एवं एम.डी.एस. के विद्यार्थियों के साथ- साथ सभी दंत विभागों के दंत चिकित्सकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम आई.टी. एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन,अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य दंत चिकित्सकों के नैदानिक फोटो ग्राफी संबंधी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम के अंतगर्त प्रति भागियों को एक्स्ट्रा- ओरल एवं इंट्रा-ओरल फोटोग्राफी की मानक तकनीकों, कैमरा सेटिंग्स, लाईट व्यवस्था एवं सही पोजिशनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके माध्यम से प्रभावी केस डॉक्यूमेंटेशन, सही निदान, उपचार योजना तैयार करने तथा उपचार के परिणामों की निगरानी में क्लीनिकल फोटोग्राफी के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आई.टी.एस. - द एजुके शन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन,अर्पित चड्ढा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं



फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वक्ता ने इस कायाशाला के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन हेतु संस्थान की सराहना की। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ क्लीनिकल ज्ञानवर्धक मंच उपलब्ध कराने के लिये आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग एवं सामाजिक संस्था व आईजा ने बच्चों को निःशुल्क वितरित किए मिठाईयाँ व पटाखे

रहीम शेरानी झाबुआ झकनावदा दीपावली का पर्व खुशियों और आपसी प्रेम का संदेश लेकर आता है। इसी भावना को साकार करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग एवं सामाजिक संस्था व आईजा द्वारा ग्राम बोरिया शासकीय प्राथमिक विद्यालय के



नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच देव दिवाली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर बच्चों को नि:शुल्क पटाखों मिठाई का वितरण किया। अचानक मिली इस सौगात से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके बीच उत्साह एवं उल्लास का माहौल बन गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग (एनजीओ) मध्यप्रदेश प्रभारी मनीष कुमट (जैन), सामाजिक संस्था

के ,आशीष भांगू, गोपाल सोनी,देवेंद्र श्रीवास्तव, मितेश कुमट,शुभम कोटड़िया,अथर्व अरोड़ा, नारायण राठौड़,नमन पालरेचा ने बच्चों को पटाखे ,मिठाई वितरित कर देवउठनी एकादशी के साथ देव दिवाली की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। संस्थाओं की इस पहल से बच्चों को त्योहार की खुशियों में शामिल होने का अवसर मिला। इस दौरान अध्यापिका श्रीमती आरती लच्छेटा उपस्थित थी। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद एवं ग्रामीण अंचल के बच्चों के बीच खुशियां बांटना तथा सामाजिक सेवा और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना रहा।

प्रसिद्ध धार्मिक धाम फूट तालाब में अन्नकूट महोत्सव में बड़ी संख्या में पहुंच श्रद्धाल

रहीम शेरानी झाबुआ झाबुआ जिले के मेघनगर के फुट तालाब वनेश्वर मारुति नंदन कुटीर हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष देव





उठनी ग्यारस पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। प्रातः से ही श्री हनुमान जी, भोलेनाथ, अम्बा जी, लक्ष्मी जी, गणेश जी, सरस्वती जी, सांवरिया सेठ का अभिषेक फलों के रस व अमृत से स्नान कराया गया था विद्वान पंडितों द्वारा।

इसके पश्चात आकर्षक सभी देवताओं का श्रृंगार कर 56 भोग लगाया गया।

दोपहर 12 बजे मंदिर के महंत दिलीप दास,टाट वाले बाबा व समाज सेवी सुरेश चंद्र जैन पप्पू भय्या परिवार द्वारा महाआरती की।

इसके पश्चात साधु-संतों, बालिकाओं, ब्राह्मण जनों का सम्मान कर दक्षिणा दी गई।

नगर की गणेश महिला मंडल महाकाल महिला मंडल, द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी – "छम छम नाचे वीर हनुमाना", "गोकुल की हर गली कान्हा को ढूंढती है", "तूने मुझे बुलाया शेरा वाली" के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई

महा आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में महा प्रसादी का श्रद्धालुओं ने लाभ लिया।

नगर व जिले के आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की।

देर रात तक भंडारे का क्रम चलता रहा

मंदिर के महंत दिलीप दास समाज सेवी सुरेश चंद्र जैन(पप्पू भैया), राजेश रिंकू जैन, श्रीमती सीमा जैन, जैकी जैन एवं जैन परिवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

देवांश डामोर का इंदौर डिविजन अंडर-15 टीम में चयन

117 रनों की शानदार शतकीय पारी ने दिलाई पहचान, झाबुआ और थांदला में खुशी की लहर

रहीम शेरानी झाबुआ झाबुआ के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी देवांश डामोर ने अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंदौर डिविजन अंडर-15 टीम में स्थान बनाया है। IDCA द्वारा धार में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 दो दिवसीय प्रतियोगिता में झाबुआ की ओर से खेलते हुए



उन्होंने अलीराजपुर के खिलाफ 117 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली जो उनके चयन का प्रमुख आधार बनी। इस प्रतियोगिता में धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन एवं अलीराजपुर की टीमों ने भाग लिया था। देवांश की उपलब्धि पर झाबुआ उऊअ, हनुमंत क्रिकेट एकेडमी थांदला और क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष है। उऊअ अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सचिव नटवर सिंह राठौर सहित पदाधिकारियों, कोच विजय मिस्त्री एवं नितिन डामोर ने देवांश को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवांश ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और कोच के मार्गदर्शन को दिया तथा ऑब्जर्वर देवेंद्र परमार सर का विशेष आभार माना। ग्रामीण अंचल से देवांश का चयन क्षेत्र के युवाओं खासकर आदिवासी युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है।

रेखा गांधी अखिल भारतीय चंदना श्राविका संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत, धर्मदास गण परिषद ने दी बधाई

रहीम शेरानी झाबुआ अखिल भारतीय चंदना श्राविका संगठन का 15 वाँ विशाल नारी सम्मेलन गत दिवस जैनाचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी के अंतेवासी शिष्य बुद्धपुत्र प्रवर्तक देव पूज्य श्री जिनेदरमुनिजी के आज्ञानुवर्ती मेघनगर में विराजित महासती पूज्या श्री मुक्तिप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा-4 के पावन सानिध्य में पूज्य श्री धर्मदास गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत भंसाली, पूज्य श्री नन्दाचार्य साहित्य समिति के व्यवस्थापक पंकज वागरेचा के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। आयोजन में आगामी कार्यकाल के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व को लेकर चचाएँ हुई जिसमें कुशल नेतृत्व क्षमता, सेवाभावी, मिलनसार व्यक्तित्व एवं धर्मनिष्ठ जीवनशैली की धनी सुश्राविका वर्षीतप आराधिका रेखा गांधी (बामनिया) को सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित करीब 6 सौ से अधिक श्राविकाओं में अधिकांश ने उनके समर्थन पर मोहर लगाई एवं उनके निर्विरोध चुने जाने पर भरी सभा में उन्हें मोतियों की माला पहनाते हुए बधाइयां दी। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर स्थानीय बामनिया संघ सहित देश के सकल संघों एवं समाजजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई वही नन्दाचार्य साहित्य समिति व्यवस्थापक पंकज वागरेचा, पूज्य श्री धर्मदास गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत भंसाली, राष्ट्रीय महामंत्री शैलेश पीपाड़ा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष चपलोद, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन नाहर आदि ने उन्हे इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया है कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा देव-गुरु-धर्म की प्रभावना और जिनशासन की सेवा के कार्यों में उल्लेखनीय अभिवृद्धि होगी। इस अवसर पर रेखा गांधी ने सभी श्राविकाओं एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को व्यक्तिगत पद नहीं, बल्कि जिनशासन की सेवा का एक पावन माध्यम मानती हैं। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी से सहयोग, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा व्यक्त की।



50 फीट ऊंची छत और भव्य वास्तुकला के साथ गुरुग्राम में खुला उत्तर भारत का सबसे ऊंचा रेस्टोरेंट

शेफ हरपाल सिंह सोखी के कारीगरी ने सेक्टर-82 में शुरू किया नया आउटलेट, संगीत और लय के कलाकारों को समर्पित है इसकी विशेष थीम

सुनहरा संसार

गुरुग्राम, 20 नवंबर। शेफ हरपाल सिंह सोखी के प्रीमियम डाइनिंग ब्रांड कारीगरी ने गुरुग्राम के सेक्टर-82 में अपना नया रेस्टोरेंट शुरू किया है। इसे उत्तर भारत का सबसे ऊंचा रेस्टोरेंट बताया जा रहा है। रेस्टोरेंट की 50 फीट ऊंची छत, भव्य वास्तुकला और अनूठी थीम इसे खास पहचान देती है। यहां मेहमानों को भारतीय व्यंजनों के साथ कला, संस्कृति, संगीत और पारंपरिक शिल्प कौशल से जुड़ा अनुभव मिलेगा। रेस्टोरेंट को इस तरह तैयार किया गया है कि भोजन के साथ इसका माहौल और डिजाइन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने।

इस नए आउटलेट की खासियत इसकी संगीत और लय पर आधारित थीम है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने वाले कलाकारों को समर्पित है। रेस्टोरेंट के डिजाइन में भारतीय कला,



रचनात्मकता और शिल्प कौशल को प्रमुखता दी गई है। इसकी कहानी कहने की अवधारणा के तहत डिजाइन के विभिन्न तत्वों के माध्यम से भारतीय विरासत और कलाकारों के योगदान को दर्शाने का प्रयास किया गया है। आधुनिक वास्तुकला और भारतीय आतिथ्य का यह मेल मेहमानों को एक अलग तरह का डाइनिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

कारीगरी की मूल अवधारणा हर रचना के पीछे मौजूद कारीगर की मेहनत, प्रतिभा और रचनात्मकता को सम्मान देना है। इसी सोच के तहत यहां भोजन को केवल स्वाद तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उसके पीछे जुड़ी कहानियों और परंपराओं को भी महत्व दिया गया है। रेस्टोरेंट के मेन्यू में देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक भारतीय व्यंजनों, लोकप्रिय क्षेत्रीय स्वादों और विशेष रूप से तैयार किए गए पकवानों को शामिल किया गया है। इन व्यंजनों के माध्यम से पारंपरिक स्वादों को आधुनिक अंदाज में पेश करने की कोशिश की गई है।

कारीगरी के संस्थापक एवं सीईओ योगेश शर्मा ने कहा कि सेक्टर-82 में नए रेस्टोरेंट की शुरूआत ब्रांड के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उनका उद्देश्य ऐसे स्थान तैयार करना है, जहां लोग केवल भोजन करने के लिए न आएं, बल्कि वहां के माहौल, डिजाइन और अनुभव से भी भावनात्मक रूप से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि नए आउटलेट की भव्य वास्तुकला और कलाकारों को समर्पित विशेष थीम प्रीमियम भारतीय डाइनिंग के क्षेत्र में नए प्रयोग करने की ब्रांड की सोच को दर्शाती है। साथ ही भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता और परंपराओं से जुड़े रहना भी ब्रांड की प्राथमिकता है। शेफ हरपाल सिंह सोखी ने कहा कि भारतीय भोजन का संबंध हमेशा से कहानियों, परंपराओं और उन लोगों से रहा है, जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इन स्वादों को जीवित रखा है। कारीगरी में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पाक कला और उनके अनूठे स्वादों को मेहमानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-82 का नया रेस्टोरेंट इस विचार को आगे बढ़ाने का एक और अवसर है। संगीत और लय के कलाकारों को समर्पित इसकी थीम उन कलाकारों के हुनर, मेहनत और जुनून का सम्मान है, जो भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि हर व्यंजन की अपनी कहानी और हर स्वाद से जुड़ी कोई न कोई याद होती है। रेस्टोरेंट के जरिए भोजन, डिजाइन और आतिथ्य के माध्यम से इन सभी पहलुओं को एक साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। कारीगरी वेंचर्स लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष शर्मा ने कहा कि एक अलग और यादगार रेस्टोरेंट अनुभव तैयार करने के लिए अवधारणा, बुनियादी ढांचे, संचालन और सर्विस के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। सेक्टर-82 के नए आउटलेट में वास्तु योजना से लेकर किचन संचालन और मेहमानों की सुविधाओं तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ब्रांड के विस्तार के साथ गुणवत्ता, निरंतरता और परिचालन व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना प्राथमिकता है। कारीगरी बाय शेफ हरपाल सिंह सोखी देश में तेजी से विस्तार कर रहे शेफ-आधारित प्रीमियम डाइनिंग ब्रांड्स में शामिल है। ब्रांड पारंपरिक भारतीय व्यंजनों को आधुनिक पाक कला और रचनात्मकता के साथ पेश करने के लिए जाना जाता है। सेक्टर-82 में नया रेस्टोरेंट शुरू होने से गुरुग्राम में इसकी मौजूदगी का विस्तार हुआ है। 50 फीट ऊंची छत, संगीत और कला पर आधारित थीम तथा क्षेत्रीय भारतीय व्यंजनों के साथ यह आउटलेट शहर के डाइनिंग विकल्पों में एक नया आकर्षण जोड़ने का प्रयास करेगा।

खबर को और विस्तार देंरेस्टोरेंट की विशेषताएं बढ़ाएंखबर को फीचर शैली में बनाएं

राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ए. ई. सी. ई.-2026 का उद्घाटन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में दिनांक 20.11.2026 को "एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग" (ए. ई. सी. ई.) पर छठी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन एवं कंप्यूटर साइंस & इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. सिंह,(एडवाइजर, आई. ई. ई. ई. यू. पी. सेक्शन, डायरेक्टर, अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर) एवं विशिष्ट अतिथि प्रो आशीष कुमार सिंह (एम् एन एन आई टी, अलाहाबाद) ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके साथ ही कॉन्फ्रेंस सॉवेनियर तथा आई. ई. ई. ई. स्टूडेंट ब्रांच, आर. के. जी. आई. टी. के वार्षिक न्यूजलेटर ह्वआर्काइव्सह्व का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर बल देते हुए विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को शोध कार्य में टीमवर्क, पारदर्शिता एवं समय प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नवाचार के लिए आजीवन सीखते रहने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। संगोष्ठी के संयोजक डॉ आर के यादव एवं डॉ



अमित सिंघल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं ए. ई. सी. ई. 2026 के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के आज के मुख्य वक्ता प्रो. लियोंग वाई यी (आई. एन. टी. आई. इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया) एवं डॉ. लैम सि काई (कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग एंड डेटा साइंस, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परफॉर्मेंस,एनर्जी एफिशिएंसी, रिलायबिलिटी और सिक्योरिटी को बेहतर बनाने पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. गोविंद शरण यादव (नेशनल त्सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, ताइवान) एवं डॉ. प्रियंका जैन (डीटीयू, दिल्ली) ने भी अपने विचार रखे।संगोष्ठी में चयनित शोध पत्रों को पढ़ा गया और उनका



प्रकाशन संगोष्ठी के बाद आई. ई. ई. ई. एक्सप्लोर में किया जाएगा। संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी. के. चौहान एवं डायरेक्टर डॉ बी.सी. शर्मा ने शोधार्थियों को वर्तमान समय की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर की नई तकनीकियों और भविष्य की चुनौतियों के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी को कार्यक्रम सफल होने की बधाई दी। कार्यक्रम में डीन एक्रीडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह, डीन ई आई आई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच जी गर्ग भी मौजूद रहे।

गढ़ गंगा कार्तिक स्नान पर गांव ढिंढार के पुश्तैनी डेरे में उमड़ा श्रद्धा और अपनत्व का संगम

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। पूर्व महापौर आशु वर्मा और पार्षद प्रदीप चौधरी ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, परिवार एवं शहरवासियों की खुशहाली की कामना की चौड़ी सड़कें और स्नान घाटों पर बेहतर व्यवस्थाओं के लिए योगी सरकार एवं प्रशासन का जताया आभार गाजियाबाद कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गढ़ गंगा में आयोजित ऐतिहासिक गंगा स्नान मेले में गांव ढिंढार, मुरादनगर के पुश्तैनी डेरे पर श्रद्धा, परंपरा और पारिवारिक आत्मीयता का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व महापौर एवं



वरिष्ठ भाजपा नेता श्री आशु वर्मा, व्यवसायी मुकेश वर्मा, पार्षद प्रदीप चौधरी और दिनेश प्रधान ने गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार सहित समस्त शहरवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गांव ढिंढार का यह पुश्तैनी डेरा दिनेश प्रधान एवं कृष्ण पाल के परिवार द्वारा पीढ़ियों से लगाया जा रहा है। गंगा स्नान के बाद सभी ने ताई मां, चाची, बहनों और भाइयों के साथ चूल्हे की रोटी, चाय-पकौड़ी का आनंद लिया। पारंपरिक चौपाल पर हुक्के के साथ पुराने संस्मरण साझा कर पारिवारिक मेल -मिलाप के यादगार पल बिताए। इस अवसर पर दिनेश प्रधान की 90 वर्षीय माताजी श्रीमती सोनबीरी, भौती, उर्मिला एवं माया चौधरी सहित मातृशक्ति उपस्थित रही। शिविर में चौधरी विजय सिंह, गौहर सिंह, देवेंद्र चौधरी, विनोद, प्रमोद,वीरपाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि गढ़ गंगा का कार्तिक स्नान हमारी प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। पुश्तैनी डेरे पर परिवार और पुराने साथियों के बीच समय बिताना अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़ने का सुखद अनुभव है। पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि गंगा स्नान आस्था के साथ सामाजिक एकता और पारिवारिक संस्कारों का भी प्रतीक है। पीढ़ियों से चली आ रही डेरे की परंपरा रिश्तों की मिठास और ग्रामीण संस्कृति को जीवंत रखती है।उन्होंने गंगा मैया से सभी के सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। इस बार गढ़ गंगा मेले में चौड़ी सड़कों, सुगम आवागमन और स्नान घाटों पर बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों का श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेश से चुने गए मनोज त्यागी सहित अन्य राष्ट्रीय सचिवों से संगठन के भविष्य की उम्मीदें--अयाज खान अच्छू

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

मेरठ। के मनोज त्यागी को अक्छउ राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर जताया भरोसा, कहा जमीनी अनुभव और कार्यकताओं से आत्मीय जुड़ाव राष्ट्रीय संगठन को देंगे नई मजबूती लखनऊ समाज न्याय योद्धा अयाज खान अच्छू ने मेरठ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज त्यागी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अक्छउ) का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस नियुक्ति को मनोज त्यागी के लंबे संगठनात्मक अनुभव, पार्टी के प्रति समर्पण और निरंतर परिश्रम का सम्मान बताते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन के भविष्य के लिए सकारात्मक कदम बताया। मनोज त्यागी को पार्टी के प्रशासन विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले वे अक्छउ में संयुक्त सचिव (प्रशासन) के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों और संगठनात्मक व्यवस्थाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राहुल गांधी जी के कार्यक्रमों के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में उनके नेतृत्व और



समन्वय को कार्यकताओं ने करीब से देखा है। जमीन से जुड़े संगठनात्मक अनुभव और सहज व्यक्तित्व की सराहना अयाज खान अच्छू ने कहा कि मनोज त्यागी जी उन समर्पित कार्यकताओं में हैं, जो पद से अधिक संगठन और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से अधिक सामूहिक जिम्मेदारी को महत्व देते हैं। उनका सहज संवाद, मिलनसार स्वभाव, जिम्मेदारी के प्रति गंभीरता और साथियों के प्रति अपनापन उन्हें विशिष्ट बनाता है। उन्होंने कहा कि मनोज त्यागी जी से मिलने और संगठनात्मक अनुभव साझा करने का उनका व्यक्तिगत अनुभव बेहद आत्मीय और यादगार रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से राष्ट्रीय संगठन तक उनका यह सफर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है। राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति जताया आभार अयाज खान अच्छू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं श्रीमती प्रियंका गांधी जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जमीन से जुड़े अनुभवी और समर्पित कार्यकताओं पर भरोसा जताना संगठन की बुनियाद मजबूत करने की दिशा में सार्थक कदम है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मनोज त्यागी की नई जिम्मेदारी से उत्तर प्रदेश, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं में नया उत्साह और विश्वास पैदा होगा। वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की संगठनात्मक तैयारियों में भी उनका अनुभव और सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण योगदान देगी। उत्तर प्रदेश के छह अन्य नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिवों को भी बधाई अयाज खान अच्छू ने उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए गए डॉ. राज कुमार मौर्य,सुशील पासी, ओमवीर यादव, अवनीश काजला, राहुल राजभर एवं विश्वविजय सिंह को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने कहा कि इन सभी साथियों को राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मिलना उत्तर प्रदेश कांग्रेस के लिए उत्साहजनक है। उन्हें उम्मीद है कि मनोज त्यागी जी सहित सभी नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकताओं के साथ मजबूत संवाद के माध्यम से कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन के निर्माण, विस्तार और मजबूती में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएंगे।

अयाज खान अच्छू ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। पदाधिकारियों की जिम्मेदारी केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि देशभर के कार्यकताओं को जोड़ना, उनका सम्मान करना और उन्हें संगठन निर्माण में भागीदार बनाना भी होना चाहिए। उन्होंने अपनी बात को इन शब्दों के साथ रेखांकित किया। पद से बड़ा संगठन और संगठन से बड़ी कार्यकर्ता की निष्ठा।"

अंत में उन्होंने मनोज त्यागी सहित सभी नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिवों को पुनःहार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल और राष्ट्रीय संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की कामना की।

भाजपा के मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। नए मतदाताओं के पंजीकरण और आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति गाजियाबाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ह्यमतदाता जोड़ो अभियानह्व के तहत आज दिनांक 20 नवंबर 2026 को उ.उ.फ. फार्म हाउस में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चौ०चैनपाल ने की मुख्य वक्ता एं अतिथि के विधानसभा प्रभारी सूरजपाल गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मतदाता पंजीकरण एवं प्रमुख दिशा-निर्देश बैठक को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने आगामी 22, 23 और 24 तारीख से शुरू हो रहे नए मतदाता पंजीकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक बूथ पर सक्रियता से नए वोट बनवाएं और फॉर्म भरते समय आवेदकों के दस्तावेजों (डॉक्यूमेंट्स) की भली-भांति जांच सुनिश्चित करें। भरे गए फॉर्म की प्रति/फोटो प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी संपर्क माध्यम पर भेजने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही, संगठन के डिजिटल अभियान को गति देने के लिए सभी कार्यकताओं से भाजपा



गाजियाबाद' के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज को फॉलो करने और सक्रिय रहने को कहा गया। आगामी कार्यक्रम एवं नई नियुक्तियां बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संत रविदास जयंती: आगामी संत रविदास जयंती का भव्य कार्यक्रम हंस इण्टर कॉलेज, मुरादनगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

समरसता संकल्प रथ यात्रा: यात्रा के सफल संचालन हेतु प्रदीप गोस्वामी, आकाश गौतम और संजीव शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया। प्रवासी प्रभारी: संगठनात्मक कार्यों के विस्तार हेतु प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया। शोक संवेदना एवं समापन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूजनीय माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके पश्चात बैठक को विश्राम दिया गया। उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस अवसर पर जिला महामंत्री रामकुमार त्यागी जी, उपाध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी,सुनील निठौरा, आकाश गौतम, सर्वेश शर्मा, राजकुमार, मंत्री कृष्ण बंसल, सीमा सैनी, जिला मिडिया प्रभारी ब्रह्मेश तिवारी,मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा,जितेंद्र गुप्ता, राहुलश्याम सुंदर, मनीष चौहान अश्विनी कुमार, महिला मोर्चा से मंजू गुप्ता, नीलम तिवारी, ममता, वरुणा,माया चौहान उपस्थित रहीं। क्षेत्रिय मंत्री एस.सी. मोर्चा प्रदीप गहलोत ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जीतपाल कश्यप इसके साथ ही सभासदगण रोहित भारद्वाज,कुलवीर चौहान, अर्जुन नागर, प्रमोद कुशवाहा,सुनील विनीता सिंह,विपिन कसाना, जितेंद्र डेढा,रूपेंद्र चौधरी, हरेंद्र प्रधान, राहुल गुर्जर,सुदेश भारद्वाज, सतेंद्र बंसल, राजेश सोम, प्रशांत कुमार,सतीश जैन व विनय पाल सहित सचिन जांगिड़, सचिन चौधरी,सुरेश पाल,रविंद्र पंवार, तरुणा शर्मा, शिवम पांडेय, कुलदीप सोलंकी, संजीव शर्मा,सतेंद्र शर्मा, सचिन चौधरी,सुधाकर त्रिपाठी,पम्मी प्रधान, राजवीर प्रजापति, विजय मिश्रा, केशव, नितिन गुप्ता,अभिनव चौहान, कुंदन झा, बिट्टू तोमर, हिमांशु लोहरा,अंकित गुप्ता, अनुभव चौहान एवं रणवीर बंसल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विमल कुंड पर महाआरती के साथ संपन्न हुआ भव्य दीपदान महोत्सव, सवा लाख दीपों से जगमगाया तीर्थराज विमल कुंड

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -श्री तीर्थराज विमलकुंड दीपदान महायज्ञ समिति, कामवन के तत्वावधान में 20 नवंबर को आयोजित भव्य दीपदान महोत्सवह्न धूमधाम और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। विश्राम घाट पर हुई महाआरती के साथ ही







लाखों दीप एक साथ प्रज्वलित हुए और पूरा विमल कुंड दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

सायंकाल वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विश्राम घाट (महाआरती स्थल) पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सप्तम पीठ मदन मोहन जी मंदिर के गोस्वामी अनिरुद्ध लाल ने तीर्थराज विमल कुंड की महाआरती की। महाआरती के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय श्री कृष्णह्न* और हर-हर महादेवह्न के जयकारों से गूंज उठा। इस बार के दीपदान में सवा लाख मिट्टी के दीपक प्रज्वलित किए गए। जिसके लिए करीब 60 पीपा सरसों का तेल व 80 हजार रुई की बत्तियां लगीं। दीप जलाने में 12 विद्यालयों के छात्रों सहित विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सेवा दी। सुबह से ही विद्यार्थियों ने घाटों पर दीप लगाने, सजावट और व्यवस्था संभालने का काम किया।

कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण करीब 100 किलो पुष्पों से बना भगवान श्रीकृष्ण का डोला रहा, जो विमल कुंड में तैरता हुआ दिखाई दिया। फूलों से सजे इस डोले को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और सभी ने अपने मोबाइल में इस अलौकिक नजारे को कैद किया।

दीपदान कमेटी के राजेंद्र कटारा और समिति अध्यक्ष निहाल सिंह मीणा ने बताया कि 50 साल पुरानी इस परंपरा को इस बार भी पूरी भव्यता के साथ निभाया गया। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की।

समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, जिसके कारण कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफल रहा। ब्रज क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव में भाग लिया।

50 साल पुरानी परंपरा आज भी कामां की आस्था, भक्ति और ब्रज संस्कृति का सबसे बड़ा प्रतीक बनी हुई है

मंदिर श्री परशुराम जी पर हुआ भव्य दीपदान, दीपों से जगमगाया पूरा मंदिर परिसर



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामवन (कामां) -देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर आज मंदिर श्री परशुराम जी पर गौड-सनाढ्य ब्राह्मण समाज कामवन द्वारा भव्य दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भगवान परशुराम जी के चरणों में दीप अर्पित कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों दीपों से जय श्री राम और ॐ की आकृति बनाई गई, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। मंदिर के फर्श पर दीपों की जगमगाती आकृति को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी ने बढ़-चढ़कर दीप जलाने में सेवा दी।

इस दौरान समाज के सदस्यों ने भगवान परशुराम जी की विशेष पूजा-अर्चना की और सामूहिक रूप से आरती की। पूरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी और जयकारों से गूंज उठा।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि दीपदान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प है। दीप की रोशनी की तरह ही समाज में भी एकता, ज्ञान और भाईचारे का प्रकाश फैलना चाहिए। सभी ने एकजुट होकर समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करने का संकल्प लिया.

गांव उदाका-धिलावटी के बीच दर्दनाक हादसा : अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे श्रीपाल जाटव (42) की मौके पर ही मौत, चालक फरार

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां - कामां क्षेत्र में उदाका और धिलावटी गांव के बीच सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे श्रीपाल जाटव (42) पुत्र श्यामलाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि श्रीपाल को संभलने तक का मौका नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, श्रीपाल अपने गांव उदाका से धिलावटी गांव के बीच सड़क पर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की टक्कर से श्रीपाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

टक्कर मारकर भागा चालक

हादसे के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने जब सड़क पर शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस जांच में जुटी

पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार वाहन चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

हादसे की खबर से उदाका गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस अपील : यदि किसी ने इस हादसे को देखा हो या फरार वाहन के बारे में कोई जानकारी हो, तो तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करें.

लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी ने छात्रों को मतदान के लिए किया जागरूक: बोले- 18 साल पूरे करने वाले छात्र भरें फॉर्म-6

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान





लखीमपुर खीरी में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शुक्रवार को गुरुनानक इंटर कॉलेज के सभागार में छात्र-छात्रओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र और मतदान के अधिकार वके प्रति जागरूक किया। डीएम ने कहा- 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुक पात्र विद्यार्थी फॉरम-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। साथ ही सबसे ज्यादा पात्र लोगों के आवेदन भरवाने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत करने और प्रमाणपत्र देने की घोषणा की लोकतंत्र की ताकत जनता की भागीदारी में डीएम ने गुरुन?नक इंटर कॉलेज और गुरुनानक विवधिक सभा बालिका इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट विद्यार्थियों से निंचन प्रक्रया और मतदान के अधिकार पर चर्चा की। उन्होंने छात्रं से लोकतंत्र की परिभाषा और उसकी कार्यप्रणाली सै जढ़े सवाल पूछे। विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ जवा दिए। हीएम ने कहा कि जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित शासन ही लोकतंत्र है। इसकी असली ताकत प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी में हैं। परिवार और पडोस के लोग्गों को भी करें जागरूक डीएम ने बताया कि वर्ष 2008 या उससे पहले जन्मे पात्र विद्यार्थी फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। 18 वर्ष से कम उम्म कै छ?त्र भी इस अभियान में सड़योग करें। वे अपने परिवार, पडोस और परिचितों में पात्र लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। ३ शैयर सबसे ज्यादा फॉर्म भरवाने वाले को मिलेगा। पुरस्कार सबसे अधिक पात्र लोगों युवाओं की भागीदारी बड़ाने के लिए डीएम के फॉर्म-5 भरवाने में योगदान देने वाले विद्यार्थी को उनकी ओर से पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

राष्ट्रव्यापी सहभागिता एवं समन्वित सुरक्षा दृष्टिकोण के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा यूएएस एवं काउंटर-यूएएस विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर।





करणपुर, 20 नवंबर 2026: राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा राष्ट्रव्यापी सहभागिता एवं समन्वित सुरक्षा दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा में भारतीय सेना द्वारा करणपुर में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) एवं काउंटर-मानव रहित हवाई प्रणाली (सी-यूएएस) विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों, शिक्षकों एवं सुरक्षा बलों के जवानों को आधुनिक समय में ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग, उससे उत्पन्न संभावित सुरक्षा चुनौतियों तथा उनके दुरुपयोग से उत्पन्न खतरों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही, राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका, सतर्कता एवं सामूहिक सहभागिता के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों, भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सीमांत खंड गृह रक्षा दल तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं सुरक्षा एजेंसियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को व्यापक एवं प्रभावशाली स्वरूप प्रदान किया।

संगोष्ठी के दौरान आधुनिक युद्ध एवं सुरक्षा परिदृश्य में मानव रहित हवाई प्रणालियों की बढ़ती प्रासंगिकता, उनके सकारात्मक उपयोग तथा उनके संभावित दुरुपयोग से उत्पन्न खतरों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों की पहचान, निरंतर सतर्कता बनाए रखने, सुरक्षा संबंधी सूचनाओं के महत्व तथा समय रहते संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के विषय में जागरूक किया गया।

सूचना एवं रिपोर्टिंग तंत्रः कार्यक्रम के दौरान संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों की सूचना संबंधित सुरक्षा एजेंसियों तक शीघ्र एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए निर्धारित रिपोर्टिंग माध्यमों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि, अनधिकृत हवाई संचालन अथवा संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर तत्काल निकटतम सुरक्षा चौकी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों, स्थानीय पुलिस अथवा संबंधित सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करें। सूचना देते समय घटना का स्थान, समय, ड्रोन की दिशा एवं अन्य उपलब्ध विवरण स्पष्ट रूप से साझा करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही, किसी भी संदिग्ध ड्रोन अथवा अज्ञात वस्तु के निकट जाने, उसे छूने या स्वयं निष्क्रिय करने का प्रयास न करने की सलाह दी गई। समयबद्ध सूचना एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय को एक सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रव्यापी सहभागिता एवं समन्वित सुरक्षा दृष्टिकोण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इस दौरान यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सशस्त्र बलों अथवा सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों, शिक्षकों, भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल एवं राजस्थान सीमांत खंड गृह रक्षा दल की सहभागिता ने नागरिक-सैन्य समन्वय एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग की भावना को प्रदर्शित किया।

संगोष्ठी के माध्यम से युवा पीढ़ी को राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारी के प्रति भी जागरूक किया गया। शैक्षणिक संस्थानों एवं सुरक्षा बलों को एक साझा मंच पर लाकर इस पहल ने समाज में सुरक्षा संबंधी जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया।

इस अवसर पर यह संदेश सुदृढ़ किया गया कि सतर्कता, जागरूकता, तत्परता एवं सामूहिक जिम्मेदारी ही राष्ट्रीय सुरक्षा के मजबूत स्तंभ हैं। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम एक जागरूक, सतर्क एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

कार्यक्रम ने ह्नराष्ट्र की सुरक्षा, सबकी जिम्मेदारीह्न के मूल मंत्र के साथ राष्ट्रव्यापी सहभागिता एवं समन्वित सुरक्षा दृष्टिकोण की भावना को सार्थक रूप से प्रदर्शित किया।

तीर्थराज विमल कुण्ड का 101 किलो दूध से हुआ महादुग्धाभिषेक, गूंजा भारत माता की जय

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी





कामां -तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित हरि कृपा आश्रम में आज विशाल दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तीर्थराज विमल कुण्ड के 101 किलो दूध से महादुग्धाभिषेक से किया गया। इसके बाद तीर्थराज की भव्य और विशाल महाआरती हुई और हजारों दीपों से पूरा कुण्ड जगमगा उठा।

इस अवसर पर हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एवं हरि कृपा पीठाधीश्वर, विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने विशाल भक्त समुदाय को संबोधित किया।

महाराज श्री ने कहा - हम विश्व बंधुत्व और विश्व कल्याण की भावना रखते हैं, परंतु उससे पूर्व अपनी जन्मभूमि भारत मां की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। हम अपने प्रति किए अपराधों को क्षमा कर सकते हैं, परंतु अपनी भारत मां के प्रति, मानवता के प्रति किए अपराधों को कदापि क्षमा नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि समस्त विश्व संभावित भयानक युद्ध की यंत्रणा काल से गुजर रहा है। ऐसे में हम सभी राष्ट्रवासियों को समस्त प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम, एकता व सद्भाव बनाए रखना है। राष्ट्र व समाज को विभिन्न आधारों पर तोड़ने-बांटने की नीच, कुत्सित और घृणित साजिशों को सफल नहीं होने देना है।

महाराज पुरी ने सभी से संकल्प लेने का आह्वान किया कि -

शहीदों की कुर्बानियों को व्यर्थ न जाने दें।*

उन्होंने कहा कि आज हर कोई अपने अधिकारों के लिए तो बहुत जागरूक है, परंतु परिवार, क्षेत्र, राष्ट्र और समाज के प्रति हमारा कोई कर्तव्य भी है, उसे भी निभाएं और पालन करें।

वीर शहीदों को समर्पित रहा दीपोत्सव

श्री हरि कृपा आश्रम में आयोजित यह विशाल दीपोत्सव वीर अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सैनिकों, सुरक्षा कर्मियों व कोरोना महामारी के दौरान दिवंगत हुए सभी मृतकों को समर्पित किया गया।

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महाराज श्री ने जब गीत ह्नक्या मार सकेगी मौत उसेह्न गाया, तो उपस्थित हजारों लोगों की आंखों में आंसू आ गए। आश्रम में ही अमर जवान ज्योति की झांकी भी बनाई गई। इस अवसर पर अखंड रामचरित मानस पाठ का भी आयोजन किया गया और आश्रम को सुंदर ढंग से सजाया गया। महाराज श्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों, अमर शहीद परिवारों, सैनिकों व सुरक्षा कर्मियों का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में रोज हजारों भक्तों के अलावा अनेक अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान ह्नभारत माता की जय, जय हिंद, वंदे मातरमह्न के जयकारे गूंजते रहे।

दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई प्लान नहीं- अंकुश नारंग

- बढ़ते प्रदूषण के चलते लोगों को कार्डियक, अस्थमा, हार्ट और रेस्पिरेटरी की समस्या हो रही- अंकुश नारंग

- भाजपा सरकार के लाखों रुपए के लगाए गए एंटी स्मॉग टावर भी काम नहीं कर रहे हैं- अंकुश नारंग

- दिल्लीवालों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा पूरी तरह फेल- अंकुश नारंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 20 नवंबर 2026

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई प्लान या उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के चलते लोगों को कार्डियक, अस्थमा, हार्ट और रेस्पिरेटरी की समस्या हो रही है। भाजपा सरकार द्वारा लाखों रुपए के लगाए गए एंटी स्मॉग टावर भी काम नहीं कर रहे हैं। दिल्लीवालों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा पूरी तरह फेल हो चुकी है।

अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली के अंदर लगातार एक्यूआई का स्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर से दिल्ली की जनता को सांस लेने में लगातार दिक्कत आ रही है। व्यक्ति दिल्ली के अंदर हर दिन एक व्यक्ति 26 सिगरेट ना चाहते हुए भी पी रहा है। इस जहरीली हवा से दिल्ली की जनता को लगातार कार्डियक प्रॉब्लम्स, अस्थमा अटैक, हार्ट प्रॉब्लम्स, रेस्पिरेटरी प्रॉब्लम्स हो रही हैं।

अंकुश नारंग ने कहा कि कहने को तो भाजपा ने दिल्लीवासियों से वादा किया कि दिल्ली के अंदर पूर्ण बहुमत से सरकार बनने के बाद वह प्रदूषण खत्म कर देगी। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। आज एक्यूआई का स्तर 300 पार है। भाजपा ने दिखाने के लिए दिल्लीवालों के टैक्स के पैसों से पैसों से 15 से 25 लाख के एंटी-स्मॉग टावर लगाए, लेकिन वो एंटी-स्मॉग टावर कहीं भी काम नहीं कर रहे हैं। मैंने खुद दिखाया कि एमसीडी सिविक सेंटर के अंदर एंटी-स्मॉग टावर बंद पड़ा था।

अंकुश नारंग ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और बढ़ेगा। एक्यूआई का स्तर और बढ़ेगा। दिल्ली की जनता का सांस लेना और मुश्किल होगा। लेकिन भाजपा के पास ना तो एक्यूआई को कंट्रोल करने के लिए, प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए कोई प्लान है और ना ही कोई उपाय है।

चौमासी पर्व पर थांदला में 22-23 नवंबर को सामूहिक बेला कर आराधक देंगें गुरुदेव को ऐतिहासिक विदाई

धर्मोत्कर्ष वषार्वास के समापन अवसर पर गुरु गुणानुवाद सभा का होगा विशेष आयोजन

रहीम शेरानी झाबुआ



थांदला चातुर्मास काल के अंतिम दिवस को यादगार बनाने व चौमासी पक्खी पर्व आराधना को आत्मकल्याण की दिशा में सार्थक बनाने के उद्देश्य से श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं संघ की समस्त संस्थाओं के तत्वावधान में 22 एवं 23 नवंबर को सामूहिक बेला तथा 23 नवंबर, सोमवार को सामूहिक उपवास एवं संवर आराधना के साथ गुरुदेव के उपकारों को याद करते हुए गुरु गुणानुवाद सभा के विशेष आयोजन किया गया है। धर्मोत्कर्ष तत्वज्ञ वषार्वास 2026 के अंतर्गत होने वाले इस आयोजन में संघ के प्रत्येक सदस्य को तप एवं त्याग की आराधना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

आयोजन आचार्य भगवंत पूज्य गुरुदेव श्री उमेशमुनिजी म.सा. "अणु" के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती तत्वज्ञ पूज्य श्री धर्मेन्द्रमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-8 एवं पूज्या महासती श्री निखिलशीलाजी म.सा. आदि ठाणा-4 के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

प्रातः 9 से 10 बजे तक धर्मोपदेश, शाम को चौमासी प्रतिक्रमण

23 नवंबर को प्रातः 9 से 10 बजे तक पूज्य गुरुभगवंतों के व्याख्यान होंगे वही श्रावक-श्राविकाओं द्वारा गुरु गुणानुवाद में वक्तव्य स्तवन आदि की प्रस्तुति होगी। वहीं शाम 5:45 बजे से चौमासी प्रतिक्रमण का आयोजन किया जाएगा जिसमें चातुर्मास आराधना सम्बंधी दोषों का मिच्छामि दुक्कडम दिया जाएगा वही सभी जीवों से मैत्री का सम्बंध रखते हुए क्षमायाचना की जाएगी। श्रावक वर्ग का प्रतिक्रमण पौषध भवन तथा श्राविका वर्ग का प्रतिक्रमण दौलत भवन पर होगा।

संघ अध्यक्ष प्रदीप गादिया सचिव हितेश शाहजी, कोषाध्यक्ष रजनीकांत शाहजी व प्रवक्ता पवन नाहर ने सभी श्रावक-श्राविकाओं से विशेष अनुरोध किया है कि चौमासी पर्व के पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक पौषध-संवर, बेला, उपवास आदि अन्य तप आराधनाओं से जुड़कर अंतिम दिवस को यादगार बनाये। इस दिन सिद्धभक्ति आराधना का विशेष आयोजन भी किया गया है जिसमें सूर्योदय की मंगल बेला के साथ आत्मा को सिद्ध बनाने के लिए सिद्ध आराधना के अभिनव प्रयोग किये जायेंगें।

24 नवंबर को महावीर भवन में सामूहिक पारणा

समस्त तप आराधकों के सामूहिक पारणें का आयोजन मंगलवार, 24 नवंबर 2026 को महावीर भवन पर रखा गया है जिसके लाभार्थी श्रीमती राजल बाई कनकमल गादिया परिवार रहेंगे।

छोटी खबरें

बी.एल.एम. स्कूल, मुरादनगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मुरादनगर। स्थित बी.एल.एम. स्कूल में आज दिनांक 20 नवंबर 2026 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोमदत्त शर्मा, अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, मुरादनगर द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष कौशिक, प्रबंधक कौशिक पब्लिक स्कूल, ढिडार उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि सोमदत्त शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि आशीष कौशिक को मोमेंटो देकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।



विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती दीक्षा शर्मा, डायरेक्टर विपिन शर्मा एवं उपाध्यक्ष पिंटू शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। डायरेक्टर विपिन शर्मा के साथ मशाल जलाकर और स्काई कैंडल उड़ाकर खेल के आयोजन का शुभारंभ किया। मंच का कुशल संचालन आयुषी त्यागी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण अंसारी, अजय, विनीता, गोविंद, सुश्री खुशबू, श्रीमती भावना त्यागी एवं कोऑर्डिनेटर सुश्री निकिता मैम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्य अतिथि सोमदत्त शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।विशिष्ट अतिथि आशीष कौशिक ने बच्चों के उत्साह की सराहना की।प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती दीक्षा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एनटीपीसी प्रभावित 24 गांवों के किसानों को डीएम का आश्वासन सोमवार तक गठित होगी कमेटी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ ग्रेटर नोएडा। एनटीपीसी दादरी परियोजना से प्रभावित 24 गांवों के किसानों के बढ़े हुए एवं बकाया मुआवजे का मामला एक बार फिर गरमा गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम के साथ हुई वार्ता में किसानों को सोमवार तक कमेटी गठित कर मामले के समाधान की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन मिला है। हालांकि, किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस बार भी समाधान नहीं हुआ तो 25 नवंबर 2026 से एनटीपीसी दादरी गेट पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। डीएम मेधा रूपम को ज्ञापन सौंपने के बाद भारतीय किसान यूनियन मंच का प्रतिनधि मंडल सूरजपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में हुई वार्ता के दौरान भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी और राष्ट्रीय महासचिव मास्टर मनमिंदर भाटी ने किसानों का पक्ष रखते हुए कहा कि अधिग्रहित भूमि के संबंध में न्यायालय द्वारा 115 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से मुआवजा दिए जाने के आदेश को आधार बनाकर एनटीपीसी प्रभावित सभी पात्र किसानों को समानता के आधार पर बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाना चाहिए। किसानों ने न्यायालय के आदेश के अनुरूप अपने बकाया और बढ़े हुए मुआवजे का लाभ दिलाने की मांग की।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने किसानों की समस्याओं और उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को सुनने के बाद सोमवार तक कमेटी गठित करने तथा संबंधित अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान किसान नेता अजब सिंह भाटी बढ़पुरा ने कहा कि किसान वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें आश्वासनों के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। किसानों को अब आश्वासन नहीं, बल्कि उनके अधिकारों के अनुरूप न्याय चाहिए। वहीं, जिलाध्यक्ष अक्षय मुखिया ने दो टूक कहा कि यदि किसानों की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 25 नवंबर से एनटीपीसी दादरी गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। किसानों ने साफ कर दिया कि वे अपने हक की लड़ाई को अब निर्णायक मोड़ तक ले जाएंगे। वार्ता में एडवोकेट वीरपाल भाटी, विकास रूपवास, कुंवरपाल शर्मा, राजपाल राणा, अन्नू सरपंच, सुखपाल भाटी, रिंकू यादव, शिवकुमार, देवकुमार नंबरदार, सत्ते शर्मा, सुनील भाटी, अमित बसौया, प्रदीप कसाना, कपिल गौतम और राहुल बैंसला सहित अन्य किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुरादनगर विधानसभा से तमन्ना डबास चौधरी हो सकती हैं सपा की मजबूत दावेदार

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। मुरादनगर आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। क्षेत्र के स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं के बीच समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय



महासचिव श्रीमती तमन्ना डबास चौधरी को संभावित प्रत्याशी बनाए जाने की मांग उठ रही है। स्थानीय समर्थकों और क्षेत्रवासियों का मानना है कि मुरादनगर विधानसभा में जाट, मुस्लिम और दलित समीकरण जीत का मुख्य आधार बन सकता है, जिसमें तमन्ना डबास चौधरी एक मजबूत दावेदार साबित हो सकती हैं।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी पिछले 18 से 20 वर्षों से निरंतर पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वहीं, श्रीमती तमन्ना डबास चौधरी भी पिछले 10 वर्षों से पार्टी की सक्रिय सदस्य के रूप में दिल्ली में हुए आंदोलनों,जन-आंदोलनों और ज्ञापन सौंपने जैसे हर कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। क्षेत्र के लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मांग की है कि यदि आगामी चुनाव में मुरादनगर विधानसभा से तमन्ना डबास चौधरी को उम्मीदवार बनाया जाता है, तो पार्टी को इस सीट पर मजबूती मिलेगी।

सरस शक्ति फूड फेस्टिवल: देशी जायकों का लगेगा मेला

- सुंदर नर्सरी में सजेगा लिट्टी-चोखा से दम बिरयानी तक स्वाद का महासंगम
- दिल्ली में 21 नवंबर से 8 दिसम्बर तक सजेगा सरस शक्ति फूड फेस्टिवल 2026
- स्वाद और संस्कृति का महाकुंभः सुंदर नर्सरी में आयोजित हो रहा सरस शक्ति फूड फेस्टिवल
- देशभर की 500 से अधिक महिला उद्यमी होंगी शामिल
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा हो रहा आयोजन
- 18 दिनों तक 90 से अधिक फूड स्टॉलों पर मिलेगा देशभर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद
- लोक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी प्रमुख आकर्षण

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली। ग्रामीण महिलाओं के उद्यमशील कौशल, पारंपरिक खानपान और भारत की समृद्ध पाक विविधता को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सरस शक्ति फूड फेस्टिवल 2026 का आयोजन 21 नवंबर से 8 दिसंबर तक नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी स्थित पिकनिक ग्राउंड में किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाला यह 18 दिवसीय महोत्सव देशभर के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी 500 से अधिक महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों और पाक कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा।



महोत्सव में 90 से अधिक लाइव फूड और प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां आगंतुकों को देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों, स्थानीय स्वादों तथा विशिष्ट खाद्य उत्पादों का अनुभव एक ही परिसर में मिलेगा। आयोजन प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से रात 9:30 बजे तक चलेगा।

इस महोत्सव में बिहार का लिट्टी-चोखा, तेलंगाना की हैदराबादी दम बिरयानी, पंजाब की मक्के की रोटी और सरसों का साग, असम का मशरूम पीठा, केरल के अट्टापडी क्षेत्र का वन सुंदरी और छत्तीसगढ़ का चौसेला जैसे क्षेत्रीय व्यंजन प्रमुख आकर्षण होंगे। इनके अतिरिक्त चाट, कबाब और अन्य लोकप्रिय स्ट्रीट फूड के साथ पारंपरिक एवं प्राकृतिक खाद्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे। इन व्यंजनों को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमी अपनी पारंपरिक विधियों, स्थानीय मसालों और क्षेत्रीय पाक परंपराओं के अनुरूप तैयार करेंगी।

खाद्य विविधता के साथ महोत्सव में देश की लोक कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक भी देखने को मिलेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत विशेष सूफी संगीत प्रस्तुति से होगी। इसके बाद गोवा का फुगड़ी और देखणी, पंजाब का भांगड़ा और गिद्धा, ओडिशा का संबलपुरी एवं घुमुरा, छत्तीसगढ़ का पंथी और राउत नाचा, राजस्थान का घूमर और कालबेलिया तथा तमिलनाडु का करगट्टम जैसे लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। असम का बिहू, महाराष्ट्र की लावणी और कोली नृत्य, गुजरात का गरबा और डांडिया रास, मेघालय का वांगला तथा हरियाणा का फाग और धमाल भी प्रस्तावित कार्यक्रमों में शामिल हैं। उत्तराखंड के छोलिया और झोड़ा नृत्य के साथ 8 दिसंबर को विशेष संगीत प्रस्तुति के जरिए महोत्सव का समापन होगा।

सरस शक्ति फूड फेस्टिवल का उद्देश्य केवल क्षेत्रीय व्यंजनों का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि ग्रामीण महिला उद्यमियों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं और संभावित खरीदारों से जोड़ना भी है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने, उनकी पहचान और ब्रांडिंग मजबूत करने तथा कारोबार के नए अवसर विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन देश के सबसे बड़े महिला नेतृत्व वाले सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में से एक है। इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के जरिए संगठित कर आजीविका, उद्यमिता और आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरस शक्ति फूड फेस्टिवल इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण महिलाओं के कौशल, अनुभव और उद्यमशीलता को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का मंच बनेगा।

आगरा 22 नवंबर को सांय 06:00 बजे पुलिस लाइन आगरा में होगा नागरिक सुरक्षा का ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन

- हवाई हमले से बचाव की तैयारी मात्र है मॉक ड्रिल, घबराने की आवश्यकता नहीं- अपर जिलाधिकारी (नगर)

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा

आगरा, 20 नवंबर 2026/ प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा दिनांक 22-11-2026 को Civil Defence Air Raid/Blackout Mock Exercise, 2026 आयोजित करने के निर्देश प्रदत्त किये गये हैं, जिसकी तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में आज दिनांक 20-11-2026 को अपरान्ह 01:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं प्रभारी नागरिक सुरक्षा, आगरा श्री यमुनाधर चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी।





बैठक में अवगत कराया गया है कि ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन दिनांक 22-11-2026 को सांय 06:00 बजे पुलिस लाइन, आगरा पर किया जायेगा। मॉक ड्रिल में डी०डी०एम०ए०, एन०सी०सी०, अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य, टोरण्ट पॉवर, शिक्षा, लोक निर्माण, परिवहन विभागों की सहभागिता रहेगी।

दिनांक 22-11-2026 को सांय 06:00 बजे मॉक ड्रिल स्थल पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा हवाई हमले से बचाव का साइरन (ऊँची नीची आवाज में) बजाया जायेगा। साइरन बजते ही टोरण्ट विभाग द्वारा मॉकड्रिल के आस-पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बन्द कर दी जायेगी तथा स्थल पर उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा शेल्टर लिया जायेगा। सांय 06:06 बजे नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा हवाई हमले समाप्त होने का साइरन (तेज आवाज में) बजाया जायेगा। साइरन बजते ही टोरण्ट विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति संयोजित कर दी जायेगी। तदोपरान्त स्थल पर हवाई हमले से लगी बड़ी-बड़ी आगों को अग्निशमन विभाग द्वारा बुझाया जायेगा तथा छोटी-छोटी आगों को नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा बुझाया जायेगा। घटना स्थल पर ही घायलों को नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों एवं एन०सी०सी० के कैडेट्स द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जायेगी तथा स्वास्थ्य विभाग गम्भीर रूप से घायल हुए व्यक्तियों को एम्बुलेन्स द्वारा निकटस्थ अस्पताल पहुँचाया जायेगा। लोक निर्माण, होमगार्ड्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा बचाव की आपदाकालीन विधियों द्वारा हवाई हमले से क्षतिग्रस्त भवनों में फँसे व्यक्तियों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला जायेगा। मॉकड्रिल की अवधि में पुलिस विभाग द्वारा यातायात एवं शांति-व्यवस्था का अनुपालन कराया जायेगा। शिक्षा विभाग द्वारा निकटस्थ स्कूल के विद्यार्थियों को उक्त मॉक-ड्रिल में उपस्थित रखा जायेगा, जिससे उनमें जागरूकता बढ़े।

अन्त में अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं प्रभारी नागरिक सुरक्षा, आगरा महोदय द्वारा पुलिस लाइन क्षेत्र के आस-पास की जनता से अपील की गयी कि यह हवाई हमले से बचाव की एक तैयारी (रिहर्सल) मात्र है। अतः किसी तरह के परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में उप नियन्त्रक, नागरिक सुरक्षा मुनेश कुमार गुप्ता सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे

रानी बाग के संत नगर में बनेगी बहुस्तरीय पार्किंग, वाहन पार्किंग की समस्या से मिलेगी राहत : सत्या शर्मा



पीपीपी मॉडल पर विकसित होगी 600 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि रानी बाग के संत नगर में बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्र में बढ़ते वाहनों और पार्किंग की समस्या को देखते हुए निगम इस परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे स्थानीय निवासियों और बाजार में आने वाले लोगों को वाहन पार्क करने की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही, निगम पर करीब 96.87 करोड़ रुपये के निर्माण खर्च का वित्तीय बोझ भी नहीं पड़ेगा।

सत्या शर्मा ने कहा कि निगम दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं बना रहा है। रानी बाग के संत नगर में बहुस्तरीय पार्किंग का प्रस्ताव लंबे समय से लंबित था। अब इस परियोजना को नए मॉडल पर आगे बढ़ाने की तैयारी की गई है, ताकि पार्किंग सुविधा विकसित करने के साथ निगम के संसाधनों का भी बेहतर उपयोग किया जा सके। परियोजना के लिए अनुभवी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को परियोजना प्रबंधन सलाहकार एवं ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त किया जाएगा, जो पार्किंग परियोजना की निविदा प्रक्रिया और निजी भागीदार के चयन में निगम की सहायता करेगा।

600 वाहनों के लिए विकसित होगी पार्किंग

संत नगर, रानी बाग में करीब 3950 वर्गमीटर क्षेत्र में बहुस्तरीय पार्किंग विकसित करने की योजना है। इसमें लगभग 600 ईसीएस (कार पार्किंग इकाइयों) की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। पार्किंग का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि क्षेत्र में आने वाले लोगों को अपने वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके और सड़कों पर अवैध पार्किंग के कारण यातायात प्रभावित न हो।

निगम के बजट पर नहीं पड़ेगा निर्माण का अतिरिक्त बोझ

सत्या शर्मा ने कहा कि निगम के सामने शहर में पार्किंग सुविधाओं का विस्तार करने की जरूरत है, लेकिन इसके लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का भी ध्यान रखना जरूरी है। मार्च 2024 में निगम ने इस परियोजना को विभागीय स्तर पर करीब 96.87 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाने की मंजूरी दी थी। अब पीपीपी मॉडल पर परियोजना को विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिससे निर्माण का खर्च निजी भागीदार वहन करेगा और निगम को पार्किंग सुविधा विकसित करने में मदद मिलेगी।

सत्या शर्मा ने कहा कि निगम का उद्देश्य रानी बाग के संत नगर में पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान करना है। परियोजना को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आधुनिक पार्किंग सुविधा मिले और निगम के आर्थिक संसाधनों का भी बेहतर इस्तेमाल हो सके।

मानव तस्करी की रोकथाम एवं पीड़ितों के पुनर्वास में रेलवे सुरक्षा बल की महत्वपूर्ण भूमिका

ऑपरेशन आहट के तहत प्रयागराज मंडल में 29 बच्चों को कराया गया सुरक्षित रेस्क्यू, 12 मानव तस्कर गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 19 नवंबर 2026 को प्रयागराज स्थित CRPF ग्रुप सेंटर में मानव तस्करी की रोकथाम एवं पीड़ितों के पुनर्वास विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना मिश्रा सहित CRPF के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में अपने संबोधन के दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, श्री दीपक आजाद ने मानव तस्करी की रोकथाम, पीड़ितों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू तथा उनके पुनर्वास में भारतीय रेल एवं रेलवे सुरक्षा बल की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।





ऑपरेशन आहट के तहत प्रयागराज मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धि

श्री आजाद ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन आहट (Action Against Human Trafficking) संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस (GRP), स्थानीय पुलिस, बाल कल्याण समितियों, गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर मानव तस्करी के मामलों की पहचान एवं पीड़ितों को सुरक्षित बचाने का कार्य किया जा रहा है।

प्रयागराज मंडल में ऑपरेशन आहट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 21 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) तथा 86 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस अभियान के तहत 01 जनवरी से 18 नवंबर 2026 तक 29 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया तथा 12 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस/जीआरपी के सुपुर्द किया गया।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 574 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं सुरक्षा के लिए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाया जा रहा है। इस वर्ष अब तक इस अभियान के अंतर्गत 503 घर से भागे हुए बच्चों, 05 अपहृत बच्चों, 21 परिजनों से बिछड़े बच्चों तथा 45 लापता बच्चों सहित कुल 574 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया है।

मानव तस्करी की रोकथाम के लिए बहुआयामी रणनीति पर जोर

श्री आजाद ने मानव तस्करी की रोकथाम के लिए तकनीक आधारित निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों एवं मार्गों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान, संवेदनशील रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में विशेष सतर्कता तथा विभिन्न सुरक्षा एवं सामाजिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों, वेंडरों, कुलियों, अधिकृत सेवा प्रदाताओं एवं यात्रियों को जागरूक एवं संवेदनशील बनाना भी आवश्यक है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की समय रहते सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जा सके।

पीड़ितों का पुनर्वास भी उतना ही महत्वपूर्ण

श्री आजाद ने कहा कि मानव तस्करी के पीड़ितों को सुरक्षित बचाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सम्मानजनक एवं स्थायी पुनर्वास सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। इसके लिए पीड़ितों को तत्काल सुरक्षा, चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक सहायता, कानूनी सहयोग, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार के अवसर तथा भविष्य में दोबारा तस्करी का शिकार होने से बचाने के लिए निरंतर सहयोग एवं निगरानी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग एवं रेलवे सुरक्षा बल के बीच मार्च 2024 में हस्ताक्षरित तथा जुलाई 2025 में नवीनीकृत समझौता ज्ञापन (MoU) को इस दिशा में संस्थागत सहयोग एवं समन्वय का महत्वपूर्ण कदम बताया।

अंत में उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के विरुद्ध लड़ाई सरकार, रेलवे, सुरक्षा एजेंसियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि भारतीय रेल एवं रेलवे स्टेशन मानव तस्करी के माध्यम न बनें, बल्कि सुरक्षा, स्वतंत्रता और आशा के केंद्र बनें।

18वें तिन्दवारा महोत्सव में सजा कुश्ती का अखाड़ा, देशभर के पहलवानों ने दिखाए दमखम

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के तिन्दवारा स्थित मेडिकल कॉलेज के पास 18वें तिन्दवारा महोत्सव के अंतर्गत भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम मोहन धुरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्याम मोहन धुरिया ने अखाड़े में उतरकर पहलवानों का हाथ मिलवाया और कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। दंगल में दिल्ली, बनारस, झांसी, हरियाणा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए नामचीन पुरुष एवं महिला पहलवानों ने हिस्सा लिया। पहलवानों ने अपने बेहतरीन दांव-पेच और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान मुख्य अतिथि श्याम मोहन धुरिया ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले पहलवान को चांदी की गदा के साथ 31 हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई, जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को शील्ड एवं 21 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आयोजक रामप्रसाद यादव, पहलवान राकेश पहलवान तिन्दवारा, अशोक यादव सहित आयोजन समिति के सदस्य, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी मौजूद रहे।

संत रामपाल बाबा के खिलाफ जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा में संत रामपाल बाबा के खिलाफ आक्रोशित हिंदू संगठनों के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि बाबा रामपाल की जांच कराई जाए और ऐसी अवध टिप्पणी और लिखो पर कार्रवाई की जाए जिस पर बाबा हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है और हमारे देवी देवताओं पर अवैध टिप्पणी करता है। जिस तरह से बाबा स्वयं को भगवान का स्वरूप बता कर देवी देवताओं पर अमर्यादित यदि टिप्पणी कर रहा है और लिख रहा है उस पर लोगों में आक्रोश उमड़ रहा है। बता दें कि शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संत रामपाल एवं उनसे जुड़े प्रचार माध्यमों की कथित गतिविधियों की निष्पक्ष जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई। संगठन का आरोप है कि संबंधित प्रचार सामग्री, पुस्तकों और सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन धर्म के देवी-देवताओं, धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या और अन्य संतों को लेकर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है। संगठन ने कहा कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और सामाजिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित पुस्तकों, वीडियो और सोशल मीडिया सामग्री की मूल ग्रंथों से तुलना कर जांच कराई जाए और यदि जांच में कानून के तहत अपराध प्रमाणित होता है तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। साथ ही जिले में धार्मिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखने की भी मांग की गई।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित डॉ. मंतशा कातिब को महिला उद्यमिता दिवस पर मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद बांदा की लेखिका एवं समाजसेविका डॉ. मंतशा कातिब को महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। 19 नवंबर 2026 को (IAHE) की ओर से डिजिटल माध्यम से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान महिला उद्यमिता के क्षेत्र में उनके योगदान, समर्पण और सामाजिक कार्यों को देखते हुए दिया गया। डॉ. मंतशा कातिब बांदा की संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं। वह गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही वह बेजुबान जानवरों एवं पक्षियों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था और उनकी देखभाल के प्रति भी लोगों को जागरूक करती हैं। यह सम्मान संस्था के अम्ब. डॉ. टीकम सोनी की ओर से प्रदान किया गया। डॉ. मंतशा ह्याकातिब्ह्न ने इस सम्मान के लिए संस्था एवं अम्ब. डॉ. टीकम सोनी का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और बेजुबान जीवों की सेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

कस्बा कमासिन में नेत्र शिविर का आयोजन, 117 मरीजों की आंखों का किया गया परीक्षण

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कस्बा कमासिन में विकासखंड स्तरीय नेत्र शिविर का आयोजन गायत्री परिवार के संयोजक तत्व में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम महान संत श्री रणछोड़ दास जी महाराज का पूजन स्थानीय स्पॉन्सर भवानीदीन यादव व प्रधानाध्यापक तीरथ प्रसाद गुप्त ने किया ।जानकी कुंड चित्रकूट से आए चिकित्सकों ने 117 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया फालो अप के अंतर्गत15 मरीजों को चश्मा दिया गया, 48 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए जिसमें से 40 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए सतगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट भेजा गया, 26 मरीजों का विजन चेक किया गया उन्हें निशुल्क चश्मा दिए गए, 28 मरीजों में आंखों की विभिन्न बीमारी ग्लूकोमा, रेटिना, पर्दे व मांस बढ़ने की बीमारी पाई गई उन्हें इलाज की उचित सलाह चिकित्सकों ने दिया। जानकी कुंड चित्रकूट से आए डॉक्टर उमाशंकर शुक्ल नेत्र सहायक, शिवम नेत्र सहायक, दीपक नेत्र सहायक, बृजेश यादव चश्मा विभाग ,दिलीप कुमार परामर्शदाता ,संतोष मिश्रा मेडिसिन विभाग ने मरीजों का विधिवत परीक्षण किया। गायत्री परिवार के भवानीदीन यादव, अभय तिवारी, ज्ञान यादवने रजिस्ट्रेशन का कार्य किया और मरीजों की सहायता किया।

विशेष रोजगार सृजन सप्ताह कार्य बहिष्कार कर रोजगार सेवकों ने 3 दिसंबर को घेराव की दे चेतावनी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कमासिन में मानदेय वृद्धि कैशलेस चिकित्सा सुविधा ई०पी०एफ० भुगतान मानदेय बढ़ोतरी सहित विभागीय समस्याओं का समाधान न होने पर ग्राम रोजगार सेवक संघ उत्तर प्रदेश मोर्चा कमासिन ब्लाक में कार्यरत रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी कमासिन अमरेश सिंह चौहान को 21 नवंबर से प्रारंभ हो रहे विशेष रोजगार स्रजनसप्ताह कार्य बहिष्कार कर 27 नवंबर को जिला मुख्यालय सहित 3 दिसंबर को प्रदेश भर के हजारों रोजगार सेवकों द्वारा विधानसभा लखनऊ का घेराव करने की चेतावनी दी गई है। अपने मांग पत्र में कमासिन ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार कोषाध्यक्ष रमेश कुमार उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने मीडिया को बताया कि पूरे प्रदेश के रोजगार सेवक लंबे समय से मानदेय बढ़ोतरी कैशलेस चिकित्सा सुविधा ई०पी०एफ० भुगतान सहित विभाग से समस्याओं के समाधान हेतु शासन एवं विभाग से लगातार संघर्ष मोर्चा की वार्ता के उपरांत भी काफी समय बीतने के बाद कोई ठोस निर्णय की अधिकारि घोषणा नहीं होने से सभी रोजगार सेवकों में तीव्र असंतोष व्याप्त होने से संगठन ने 21 नवंबर से प्रारंभ हो रहे विशेष रोजगार सृजन सप्ताह का कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज करने का निर्णय लिया। ज्ञापन सौंपने के समय विनोद कुमार, रमेश कुमार, पीयूष सिंह, सत्येंद्र कुमार, प्रभात मिश्रा, महेंद्र सिंह, गौरा देवी, प्रदीप सिंह, जय नारायण द्विवेदी, चंद्रशेखर, भागीरथ, सविता देवी, शिव प्रताप यादव, रामकिशन, देव कुमार यादव, प्रीति मिश्रा, गंगाराम, नरेंद्र कुमार, राम मूरत, भोले राम ने शीघ्र लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है

जनता के मन को मोहित करते डॉ मोहित मिश्रा



कलान । शाहजहांपुर ।तहसील कलान में श्री शिवकुमार मिश्र राजन और उनकी धर्मपत्नी सुश्री माधुरी मिश्रा के सुपुत्र श्री डॉ मोहित मिश्रा ने अपनी कार्य शैली से लोगों का दिल जीत लिया है ।उन्होंने यह साबित कर दिया है मेहनत और लगन जनसेवा से ही लोगों के दिलों को जीता जा सकता है ।डॉ मोहित ने गरीबों बीमारों का इलाज निःशुल्क किया है कभी उनसे कुछ नहीं मांगा है ।उनकी ख्याति दूर दूर तक फैली हुई है ।सच में वह गरीबों के मसीहा हैं ।उनके दरवाजे गरीबों बीमारों के लिए रात दिन खुले रहते हैं ।मोहित मिश्रा युवा हैं उनके अंदर समाज सेवा का जज्बा है । वह समाज और देश के लिए बहुत कुछ करना चाह रहे हैं ।हर दिल अजीज युवाओं की धड़कन डॉ मोहित का जीवन सादा और बहुत ही व्यस्त है ।अपने माता पिता के इकलौते पुत्र हैं इनको जरा भी घमंड नहीं ।हमेशा बड़े लोगों का आशीर्वाद इनके साथ रहता है ।गरीबों की दुआएं इनके साथ चलती हैं । ईश्वर गरीबों में बसता है ।डॉ मोहित ने चिकित्सा को व्यवसाय नहीं समझा उसको समाज सेवा का एक अभिन्न अंग समझा है ।क्षेत्र बासी इन पर गर्व करते हैं।बहुत आदर सम्मान करते हैं । मंदिर में ही भगवान नहीं बसता है गरीबों दीन दुखियों असहायों में भगवान है उनकी आहें और कराहों में भगवान बसता है ।निर्धन कन्याओं के विवाहों में इनका बड़ा योगदान रहता है ।मेहनत काश छात्रों को पुरस्कृत करना अपना मूल धर्म समझते हैं ।आप की राजनीतिक पैठ भी बहुत गहरी है ।माननीय मंत्री जितिन प्रसाद जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा विधायक राजेश यादव विधायक श्री राजेश कुमार मिश्रा पप्पू भारतौल सांसद श्री छत्रपाल गंगवार विधायक हरिप्रकाश वर्मा विधायक अरविन्द सिंह जी आदि गहरे और व्यक्तिगत सम्बन्ध है । डॉ मोहित का व्यवहार चुम्बकीय है उनके व्यवहार में आकर्षण है ।अपने मृदु स्वभाव से सभी को अपनी ओर खींच लेते हैं ।इन्हें कई सम्मान और पुरुस्कार भी मिल चुके हैं ।जनता के दिलों के राजकुमार डॉ मोहित मिश्रा एक योग्य निडर दूरदर्शी समाजसेवी कर्मठ चिकित्सक हैं। जनता उनको कलान का भावी चेयरमैन मानने लगी है ।सभी लोग चाहते हैं कि मोहित भैया को टिकट मिले और वह हमारे कस्बे के चेयरमैन बने हमारे कस्बा विकसित हो ।माता पिता के संस्कार उनकी लगन सेवा उनको यहां तक ऊंचाई पर ले आई ।इनकी माता लाखों में एक हैं ।बदायूं जनपद में जन्मी इनकी माता बहुत ही प्रतिष्ठित परिवार की हैं इनके परिवार में कई लोग अधिकारी रहे हैं ।अगिनहोत्री जी शाहजहांपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रह चुके हैं ।

डॉ मोहित मिश्रा युवा नेता समाजसेवी कर्मठ योग्य गरीबों बीमारों के मसीहा हैं जनता जनार्दन का अपार स्नेह आशीष प्यार इनके साथ है ।ऐसे युवा नेता समाजसेवी कर्मठ योग्य इंसान अगर राजनीति में कोई उच्च पद पा जाते हैं देश और समाज का भला होता है । अजय शर्मा यात्री खुटार शाहजहांपुर यू पी

ड्रोन से होगा पहूज नदी का सर्वे, आईआईटी रुड़की तीन चरणों में तैयार करेगी रिपोर्ट

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। पहूज नदी में बढ़ते प्रदूषण और उसके तटवर्ती क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर अब व्यापक स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। न्यायालय के सख्त रुख के बाद आईआईटी रुड़की की टीम ड्रोन के माध्यम से पहूज नदी का सर्वे करेगी। यह सर्वे तीन चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसके आधार पर संस्थान अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जनवरी 2027 से शुरू होने वाले इस सर्वे में आईआईटी रुड़की के साथ पांच विभाग भी शामिल होंगे। सर्वे के दौरान नदी की वास्तविक चौड़ाई, ग्रीन बेल्ट, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र (फ्लड एरिया), नदी में मिलने वाले नाले-नालियों और उनमें गिरने वाली गंदगी का विस्तृत ब्योरा जुटाया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी साइमन डेनियल, नरेंद्र श्रीवास्तव, सरदार हरमन सिंह, और आरिफ ने पत्रकार वार्ता में दी। पत्रकार वार्ता में अधिवक्ता नरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पहूज नदी की बदहाली, प्रदूषण और अतिक्रमण को लेकर याचिका दाखिल की थी। इस मामले में न्यायालय ने 14 विभागों और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। इसके बावजूद केवल दो विभागों उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सिंचाई विभाग ने ही अपना जवाब दाखिल किया, जबकि शेष विभागों और संबंधित पक्षों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर न्यायालय ने संबंधित पक्षों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। उन्होंने बताया कि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जवाबों में भी पहूज नदी की वास्तविक चौड़ाई, ग्रीन बेल्ट की माप और फ्लड एरिया की अधिकतम दूरी का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, एक विभाग की ओर से दाखिल जवाब में यह स्वीकार किया गया है कि पहूज नदी के फ्लड एरिया में निर्माण कार्य किए गए हैं। ऐसे में नदी की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराया जाना बेहद जरूरी हो गया है। समाजसेवी साइमन डेनियल ने बताया कि पहूज नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के समीप होता है। लगभग 195 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर बहती है तथा आगे चलकर पचनद में मिलती है। झांसी महानगर की पेयजल आपूर्ति में पहूज नदी की लगभग 25 प्रतिशत भागीदारी है। इसके बावजूद महानगर के नाले और गंदगी सीधे नदी में गिरने से इसका पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है। यह स्थिति महानगरवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नदी में गिरने वाले गंदे नालों के कारण पहूज का पानी दूषित हो चुका है और महानगर के लोगों को पेयजल के रूप में इसी पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ऐसे में नदी को प्रदूषण मुक्त करना और उसके प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

साइमन डेनियल ने कहा कि आईआईटी रुड़की की ओर से ड्रोन तकनीक के माध्यम से किया जाने वाला सर्वे पहूज नदी की वास्तविक स्थिति सामने लाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। तीन चरणों में होने वाले सर्वे में नदी के बहाव क्षेत्र, तटों पर हुए अतिक्रमण, ग्रीन बेल्ट और बाढ़ क्षेत्र की सीमाओं का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इसके अलावा नदी में मिलने वाले नालों और प्रदूषण के स्रोतों को भी चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आईआईटी रुड़की की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पहूज नदी को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान, 110 मामलों से 95,000 का जुमार्ना वसूल



ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी `मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने, बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने तथा रेलवे राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 18 नवम्बर 2026 को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान DCM पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्य टिकट निरीक्षक (CTI) मनोहर लाल मीणा, अशोक त्रिपाठी (स्टेशन), के.पी. अर्नो (डिटेल), नवीन व्यास, संजय दीक्षित, मनीष अग्रवाल एवं राजमणि सहित टिकट चेकिंग स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 110 मामले पकड़े गए तथा उनसे ?95,000 का जुमार्ना वसूल किया गया। इस विशेष अभियान के माध्यम से अनियमित एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे उचित एवं वैध यात्रा टिकट लेकर ही रेल यात्रा करें तथा रेलवे के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित और सुगम यात्रा में सहयोग प्रदान करें। इस प्रकार के टिकट चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

समर्थ शिशु श्रीराम कथा के तृतीय दिवस हुआ प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य वर्णन

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी। नगर के मिश्राना स्थित विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मन्दिर में आयोजित पांच दिवसीय ह्यसमर्थ शिशु श्रीराम कथाह्न के तृतीय दिवस भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा हुई। 18 से 22 नवंबर तक चलने वाली इस पावन कथा का वाचन उज्जैन से पधारे कथा व्यास पूज्य गुरुदेव श्याम मनोहर मनावत जी के मुखारविंद से हो रहा है।कथा के तीसरे दिन का शुभारंभ पूज्य महाराज जी के सानिध्य में यजमानत्रय श्रीमती सीमा साहनी व रवि भूषण साहनी, श्रीमती संजना व सुरेश सिंह यादव तथा श्रीमती जानकी मिश्रा व सुभाषचन्द्र मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात यजमानों ने विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन कर कथा का श्रीगणेश किया।कथा प्रसंगों में पूज्य गुरुदेव ने पुंसवन संस्कार की पवित्रता और गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महाराज शांतनु व सत्यवती की कथा के साथ-साथ अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र परीक्षित की गर्भ में रक्षा का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज जी ने राजा दशरथ की वंश परंपरा, पुत्रेष्टि यज्ञ और अंत में प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की पावन कथा का रसपान कराया, जिस पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आयोजन समिति के अनुसार, कथा के चतुर्थ दिवस का प्रमुख विषय ह्यशिशु की क्षीरदावस्था एवं प्रभु श्रीराम की बाल लीलाएंह्न रहेगा। आज की इस पावन बेला में विद्या भारती जनशिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री कौशल किशोर वर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

श्रीकरणपुर में 22 से 24 नवम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर



श्रीकरणपुर के स्थानीय श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मन्दिर समिति, श्रीकरणपुर के तत्वावधान में सिखों के प्रथम गुरु धन-धन श्री गुरुनानक देव जी का पावन प्रकाश उत्सव आगामी 22, 23 एवं 24 नवम्बर 2026 को अत्यंत श्रद्धा, भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति के सचिव सत्येंद्र सलूजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि "किरत करो, नाम जपो और वंड छको" के संदेश के साथ इस तीन दिवसीय मुख्य महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उत्सव के उपलक्ष्य में 10 नवम्बर (मंगलवार) से प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जो 23 नवम्बर (सोमवार) तक निरंतर जारी रहेगी। शहरवासी अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर प्रभात फेरी का स्वागत करने के लिए सतेन्द्र सलूजा (94144-80476), मैनेजर रिंकू खन्ना (94134-32072), मनीष खन्ना (98870-48248) अथवा संजीव भाटिया (94144-79501) से संपर्क कर सकते हैं। सचिव सत्येंद्र सलूजा के अनुसार, धार्मिक अनुष्ठानों का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा:

20 व 21 नवम्बर के कार्यक्रम: शुक्रवार, 20 नवम्बर को सुबह 10:00 बजे लड़ीवार श्री अखण्ड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात शनिवार, 21 नवम्बर को सुबह 9:00 बजे मध-भोग डाला जाएगा। 22 नवम्बर (रविवार): उत्सव के पहले मुख्य दिन सुबह 9:30 बजे श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले जाएंगे, जिसके बाद सुबह 10:30 बजे पुन: लड़ीवार श्री अखण्ड पाठ साहिब प्रारंभ होगा। 23 नवम्बर (सोमवार): सुबह 9:00 बजे मधभोग होगा। रात्रि 8:00 बजे से भव्य प्रवचन एवं कीर्तन दीवान सजेगा, जिसमें संगत गुरबाणी श्रवण करेगी। 24 नवम्बर (मंगलवार - मुख्य दिवस): प्रात: 9:00 बजे श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग होगा। इसके उपरांत सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विशेष दीवान व कीर्तन दरबार सजेगा। सुबह 11:30 बजे से गुरु का अटूट लंगर बरतेगा। दोपहर 2:00 बजे से शहर में भव्य नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) निकाला जाएगा, जिसके समापन पर आकर्षक रंगीन आतिशबाजी की जाएगी। रात्रि 8:00 बजे से पुन: प्रवचन एवं दीवान का आयोजन होगा। समारोह में विशेष रूप से पंजाब से प्रख्यात कीर्तनी व कथावाचक पधार कर संगत को निहाल करेंगे। इनमें बाबा निरभय सिंह जी (पंजगराही कलां, पंजाब), भाई तरसेम सिंह जी (हरारायपुर, पंजाब) तथा भाई गरीब सिंह जी (रामा मण्डी वाले) मुख्य रूप से शामिल हैं। समिति ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता व संगत से विनम्र निवेदन किया है कि 24 नवम्बर (मंगलवार) को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान 'मंगल' (बंद) रखकर अधिक से अधिक संख्या में प्रकाश उत्सव व नगर कीर्तन में शामिल हों तथा रात्रि में अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर दीपमाला कर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें। उत्सव के दौरान जल सेवा नागपाल पाईप फिटिंग स्टोर एवं मयंक गर्ग अमृत शीतल जल की ओर से रहेगी, जबकि जोड़ा (जूता) सेवा का जिम्मा सर्वधर्म सेवार्थ समिति, श्रीकरणपुर द्वारा संभाला जाएगा। आयोजन को भव्य रूप देने में संरक्षक मण्डल के श्री जगदीश प्रशाद रस्सेवट, श्री जगदीश राय आहुजा, श्री सुभाष बवेजा, डॉ. नीरज अरोड़ा व श्री गौतम आहुजा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष श्री विनय तनेजा, उपाध्यक्ष श्री अनुज सुखीजा (मोनू), सचिव श्री सतेन्द्र सलूजा, सह सचिव श्री पंकज डंग व श्री राजेश मुन्जाल, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश बवेजा, धर्मशाला प्रभारी श्री ओम प्रकाश गुम्बर, लंगर प्रभारी श्री अशोक आहुजा सहित श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मन्दिर समिति, श्री शिव दुर्गा संकीर्तन मण्डल, श्री अरोड़वंश सुखमनी सेवा सोसायटी और श्री अरोड़वंश शिक्षा उत्थान परिषद की कार्यकारिणी व सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

भाजपा झांसी महानगर ने सोशल मीडिया विभाग की जिला कार्यकारिणी घोषित की

ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निदेशानुसार एवं जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह की संस्तुति पर जिला सोशल मीडिया संयोजक चेतन ओझा द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा पार्टी के डिजिटल प्रचार-प्रसार को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया विभाग की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में डिजिटल रूप से दक्ष युवाओं एवं अनुभवी कार्यकताओं को स्थान दिया गया है। इसमें किशन त्रिपाठी, सोमकांत निगम एवं विशाल निगम को जिला सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शुभम सक्सेना, कृष्णा तिवारी, जैन सिंह कुशवाहा, आकाश सेन, विकास साहू, अमित वर्मा, संजय रायकवार, विकास श्रीवास्तव एवं तेजस्व प्रताप सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिला संयोजक चेतन ओझा ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्य संगठन की विचारधारा, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों को डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर संगठन की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर कमासिन में शोकसभा, पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की पूज्यनीय माता जी के निधन का समाचार मिलने पर कमासिन क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रेस क्लब कमासिन में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभी ने इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उनके परिजनों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। मां का स्नेह, त्याग और आशीर्वाद जीवन की सबसे अनमोल धरोहर है। इस दुख की घड़ी में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पत्रकार रामकिशोर यादव, नंदकिशोर वर्मा, आरके प्रजापति, शत्रुघ्न सिंह, राधेश्याम गुप्ता, प्रभंजन गुप्ता, शुभम तिवारी सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की माता जी के निधन पर भाजपा कार्यालय झांसी में शोक संवेदना की व्यक्त

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज की पूजनीय माताजी श्रीमती सावित्री देवी जी के दुखद निधन पर एक शोक सभा मै भाजपा जिलाध्यक्ष सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की। सभा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की,इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, विधायक बबीना राजीव सिंह, महामंत्री विकास कुशवाहा, महामंत्री अरविंद राजपूत, अभिषेक जैन सहित अन्य मोर्चा जिलाध्यक्ष ,साथ जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, मनोनीत पार्षद, पार्षद प्रत्याशी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रायसिंहनगर वन रेंज में अवैध लकड़ी का कारोबार! पदमपुर, करणपुर और रायसिंहनगर में कथित तौर पर चल रही अवैध आरा मशीने

रायसिंहनगर महेन्द्र पाल मेघवाल श्रीगंगानगर जिले की रायसिंहनगर वन रेंज के अंतर्गत पदमपुर, श्रीकरणपुर एवं रायसिंहनगर शहर में अवैध रूप से लकड़ी का भंडारण और आरा मशीनों के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों के अनुसार क्षेत्र में कथित तौर पर बिना वैध अनुमति के आरा मशीनें संचालित की जा रही हैं तथा लकड़ी का भंडारण किया जा रहा है। यदि इन शिकायतों की पुष्टि होती है, तो इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान होने की आशंका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में यह गतिविधियां हैं या नहीं? यदि जानकारी है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? स्थानीय ने वन विभाग के उच्चाधिकारिय

कामां विधानसभा में भाजपा को बड़ा सियासी झटका, पंचायत चुनाव में कांग्रेस का दबदबा!

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां - कामां विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव के नतीजों ने भाजपा की चुनावी रणनीति पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां कांग्रेस ने जबरदस्त जीत दर्ज की, वहीं भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। जिला परिषद की कुल 11 सीटों में से कांग्रेस ने 8 सीटों पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा साबित किया। भाजपा को महज 2 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा, जबकि 1 सीट निर्दलीय के खाते में गई। कामां पंचायत समिति में भाजपा का प्रदर्शन और भी निराशाजनक रहा। कुल 25 सीटों में से भाजपा ने 13 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन जीत मिली महज 3 सीटों पर। पहाड़ी पंचायत समिति में भी भाजपा को करारी शिकस्त मिली। कुल 29 सीटों में से भाजपा ने 8 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन जीत केवल एक सीट पर ही मिल सकी। अब सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा है — आखिर कामां विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का चुनावी गणित क्यों बिगड़ा? पार्टी के प्रत्याशियों को जनता ने क्यों नकारा? टिकट वितरण और संगठन की रणनीति पर अब सवाल उठने लगे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं की नाराजगी, गलत टिकट वितरण और जमीनी पकड़ की कमी भाजपा की हार की बड़ी वजह बनी ।फिलहाल, कामां में कांग्रेस के कार्यकताओं में जश्न का माहौल है, जबकि भाजपा खेमे में मंथन का दौर शुरू हो गया है।

एक उचित कार्यकर्ता पार्टी का पार्टी का निष्ठावान नेता पार्टी की ओर



भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री राकेश मिश्रा अनावा ने जो परिश्रम त्याग पार्टी के लिए किया है_ शायद ही कोई नेता कर पाए ।जनसंघ के पुराने कार्यकर्ता रहे ।अपना सारा जीवन पार्टी के लिए ही आहुत कर दिया ।मैं इनका बचपन से नाम सुनता आ रहा हूं।इस शुभ नाम पर कभी कोई लांछन नहीं लगा ।यह स्वच्छ छवि के नेता हैं ।भाजपा के शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष रहे बदायूं जनपद के प्रभारी रहे ।श्री अनावा जी ने पार्टी की तन मन धन से सेवा की ।सभी वर्गों को लेकर साथ चले ।किसी के साथ भेदभाव नहीं किया ।हर पार्टी कार्यकताओं को उचित सम्मान और सहयोग दिया ।इनकी लोकप्रियता कई जनपदों में हैं ।यह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं ।गरीबों असहायों के प्रति अपनी आवाज सदा उठाते रहे हैं ।इनकी कार्य शैली सबसे अलग है ।यह हमेशा सच के साथ रहे हैं ।भाजपा को इनकी लगन मेहनत और त्याग को देखते हुए इन्हें भी चुनाव मैदान में उतार देना चाहिए ।इनका जनाधार आकाश की तरह विशाल और व्यापक है ।इनको पार्टी किसी विधान सभा से टिकट देती है तो जीत सौ प्रतिशत निश्चित है ।इन्होंने अपना सारा जीवन जनसेवा में ही गुजारा है ।हर दिल अजीज नेक ईमानदार स्वच्छ छवि समाजसेवी कर्मठ योग्य निडर श्री राकेश मिश्रा अनावा लाखों में एक हैं ।पार्टी इनके नाम पर अवश्य विचार करे । ऐसे योग्य कर्मठ इंसान अगर विधायक हो जाते हैं तो लोगों का और देश का भला होता है

अजय शर्मा यात्री
खुटार शाहजहांपुर यू पी

अपना घर आश्रम कोकिलावन में प्रभुजी को भोजन कर मनाया जन्मदिन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



कामवन - कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में एक बेहद पुण्य और प्रेरणादायक तरीके से जन्मदिन मनाया गया। यहाँ मंदबुद्धि एवं निराश्रित प्रभुजी निवास करते हैं। ऐसे पुण्य स्थान पर प्रभुजी की सेवा में विष्णु खंडेलवाल एवं उनके परिवार ने अपने पुत्र ध्रुव खंडेलवाल के जन्मदिन के अवसर पर आश्रम में आवासित समस्त प्रभुजी के लिए संपूर्ण दिन के भोजन की सेवा की। परिवार की ओर से सुबह की चाय व नाश्ता और शाम की भोजन प्रसादी में सहयोग प्रदान कर प्रभुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। अपना घर सेवा समिति ने कहा कि लावारिस एवं जरूरतमंद प्रभुजी की सेवा से बड़ी कोई मानव सेवा नहीं होती है। उनके द्वारा मिला आशीर्वाद बहुत ही सार्थक होता है। अपना घर सेवा समिति, कामवन इस पुण्य कार्य पर विष्णु खंडेलवाल को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करती है एवं पुत्र ध्रुव खंडेलवाल के दीर्घायु होने की कामना करती है। समिति ने ठाकुर जी से प्रार्थना की है कि ध्रुव यशस्वी हो, समस्त परिवार खुशहाल रहे एवं भविष्य में भी प्रभुजी के लिए इसी प्रकार सेवा करते रहें।

- प्रमोद पुजारी (अध्यक्ष)
अपना घर सेवा समिति, इकाई कामाँ

जनपद हापुड़। पिलखुवा थाना क्षेत्र में सिखेड़ा रजवाहे के निकट ट्रक और बाइक की जोरदार भिड़ंत



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर

धौलाना सिखेड़ा रोड बम्बे पर बाइक सवार 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के मोलीवाड़ा निवासी 19 वर्षीय ध्रुव पुत्र सुशील बाइक पर सवार होकर धौलाना से पिलखुवा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सिखेड़ा रजवाहे के निकट पहुंचा, तभी पिलखुवा की ओर से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पिलखुवा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित मनोहर सिंह ने बताया कि युवक को गंभीर चोटें आई हैं। उसकी हालत को देखते हुए 108 एंबुलेंस की सहायता से मेरठ के हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार बालियान ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ एवं कार्तिक पूर्णिमा गढ़मुक्तेश्वर मेले का किया गया स्थलीय निरीक्षण





राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य डॉक्टर हिमालय अग्रवाल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड, एक्सरे विभाग, दांत रोग विभाग, मानसिक रोग विभाग, अल्ट्रासाउंड, महिला वार्ड, लैबर रूम, आदि विभाग में जाकर जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर किशोर आहूजा, सीएससी प्रभारी कपिल गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत मा०सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गढ़ मेला 2026 मे पहुंच कर मेले में बने अस्थाई अस्पताल, स्नान घाटों, महिला की सुरक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला घाट, महिला शौचालय, महिला सुरक्षा के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई ।इसके साथ ही जनपद हापुड़ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेले में बने अस्थाई हॉस्पिटल मे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर आहूजा, जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मान्य सदस्य की अध्यक्षता में हुई महिला जनसुनवाई



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर

जनपद हापुड़ में- आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा० सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल जी की अध्यक्षता में मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस जनपद हापुड़ में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में घरेलू हिंसा से पीड़ित 10 महिलाओं की जनसुनवाई की गई जिसमें पारिवारिक विवाद ,दहेज उत्पीड़न, मारपीट एवं छेड़ छाड़ से संबंधित, महिलाओं के केस आए जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य महोदया द्वारा संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से भी पीड़ित महिलाओं को निशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध करने की जानकारी से अवगत कराया गया इसी के साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ भी ग्रहण की गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद की मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड़ जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हापुड़, सूचना विभाग कर्मचारी एवं महिला थाना प्रभारी हापुड़ के साथ समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी हापुड़ के साथ जिला प्रोवेशन कार्यालय से अमित कुमार, संरक्षण अधिकारी, रिंकू सिंह सामाजिक कार्यकर्ता,सोनिया प्रभारी वन स्टॉप सेंटर, नेहा त्यागी जिला समन्वयक के साथ अन्य अधिकारी वा कर्मचारी उपस्थित रहे।

बृजघाट : गंगा तट पर फिर चली जेसीबी, दुकानदारों में भारी आक्रोश, विरोध में लगाए काले झंडे



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर

बृजघाट / हापुड़ - बृजघाट गंगा तट पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा फिर से जेसीबी चलाने से दुकानदारों में भारी आक्रोश फैल गया। दुकानदारों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के साफ सफाई का कार्य दोबारा शुरू करने से गंगा स्नान में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी का,सामना करना पड़ता है और इसका असर दुकानदारों पर भी पड़ता विरोध में दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर काले झंडे लगाकर नगर पालिका बृजघाट,प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार बृजघाट गंगा तट पर नगर पालिका प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर पहुंची और घाट पर साफ सफाई का काम शुरू कर दिया जिससे दुकानदारों ने अपनी नाराजगी जताई दुकानदारों ने कहा अभी कुछ दिन पहले ही घाटों की सफाई कराई गई थी जिसे घाट पर जगह-जगह गड्ढे बन गए थे और जिसे श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल था अब समतल जमीन होने के कारण फिर से सफाई करना उचित नहीं है दुकानदारों का कहना है कि वे कई सालों से गंगा तट पर छोटी छोटी दुकानें लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से ही उनकी रोजी रोटी चलती है। गंगा घाट पर बार-बार सफाई करने से श्रद्धालुओं का आवागमन काम होगा और दुकानदारों का काफी नुकसान हो सकता है नगर पालिका बृजघाट,प्रशासन द्वारा बार बार जेसीबी चलाने से उनका रोजगार पूरी तरह चौपट हो जाएगा नगर पालिका बृजघाट,प्रशासन की गंगा तट पर सफाई,कार्रवाई से नाराज दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों पर काले झंडे लगा दिए। दुकानदारों ने काले झंडे लगाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि बार-बार सफाई होने से दुकानदार को काफी परेशानी पड़ती है दुकानदारों ने बताया है कि गंगा तट पर अभी जल्दी में ही साफ सफाई काम चला था और जमीन समतल हो गई थी दोबारा मशीन चलने से जगह-जगह गड्ढे होने का खतरा है और दुकानदारों को काफी परेशान का सामना करना पड़ रहा है

इंडसइंड बैंक ने फिरोजाबाद में बुजुर्गों की देखभाल और कल्याण केंद्र के जरिये वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा दिया

सुनहरा संसार

इंडसइंड बैंक ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत फिरोजाबाद नगर निगम के साथ साझेदारी में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बुजुर्गों की देखभाल और कल्याण केंद्र का उद्घाटन किया है। 24ग7 केयर फाउंडेशन द्वारा संचालित और स्थापित यह केंद्र वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ती उम्र से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा। इसके तहत स्वास्थ्य देखभाल, भावनात्मक कल्याण, सामाजिक सहभागिता और आर्थिक सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ते हुए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उद्घाटन समारोह में महापौर श्रीमती कामिनी राठौर और नगर आयुक्त आईएएस अधिकारी प्रशांत नागर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह केंद्र स्वास्थ्य की निगरानी, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, फिजियोथेरेपी, योग, परामर्श, मनोरंजन गतिविधियों, साक्षरता कार्यक्रमों और कानूनी जागरूकता सत्रों की सुविधा देगा। इसके अलावा, यह सदस्यों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी मदद करेगा। फिरोजाबाद में वरिष्ठ नागरिकों की अच्छी-खासी आबादी है। ऐसे में इस केंद्र का उद्देश्य सुरक्षित और समावेशी माहौल में उन्हें सुलभ और व्यापक देखभाल उपलब्ध कराना है, ताकि उनमें अपनेपन की भावना बनी रहे और वे स्वतंत्रता तथा गरिमा के साथ जीवन जी सकें। उद्घाटन समारोह में महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने कहा, बुजुर्गों की देखभाल और कल्याण केंद्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए फिरोजाबाद की सहायता व्यवस्था में एक स्वागतयोग्य पहल है। मैं इस पहल में इंडसइंड बैंक के सहयोग की सराहना करती हूं।

लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल और एबीएसएलआई ने लखनऊ में लगाया शिकायत निवारण शिविर

सुनहरा संसार



आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड की जीवन बीमा सहायक कंपनी आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 18 नवंबर को लखनऊ में शिकायत निवारण शिविर लगाया। यह शिविर लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल के सहयोग से और भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में हुआ। शिकायत समाधान माह के तहत लगा यह शिविर एक देशव्यापी पहल का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 13 से 25 नवंबर 2026 तक देशभर में 16 शिविर लगाए जा रहे हैं। इनका मकसद पॉलिसीधारकों की शिकायतों के निष्पक्ष और समय पर समाधान में मदद करना है। इस शिविर में कुल 46 बीमा कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें 20 जीवन बीमा, 20 सामान्य बीमा और 6 स्वास्थ्य बीमा कंपनियां शामिल थीं। शिविर के दौरान पॉलिसीधारकों की कुल 96 शिकायतों का समाधान किया गया। इनमें जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग से जुड़े 50 मामले भी थे। निपटाए गए मामलों में जीवन बीमा के 52, सामान्य बीमा के 20 और स्वास्थ्य बीमा के 24 मामले थे। इन मामलों के निपटारे में करीब 4.7 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिसमें जीवन बीमा के तहत 3.8 करोड़ रुपये, सामान्य बीमा के तहत 80 लाख रुपये और स्वास्थ्य बीमा के तहत 13 लाख रुपये शामिल हैं। शिकायत समाधान माह की शुरूआत के मौके पर आईआरडीएआई के चेयरमैन श्री अजय सेठ ने जोर दिया कि ध्यान निपटाई गई शिकायतों की गिनती से ज्यादा इस पर होना चाहिए कि समाधान कितना निष्पक्ष, अच्छा और टिकाऊ है।

कलर्स के मन्नत हर खुशी पाने की और डॉ. आरंभी महासंगम

सुनहरा संसार मुम्बई



भारत के पसंदीदा पारिवारिक ड्रामा एक खास महासंगम के लिए एक साथ आ रहे हैं, जो जश्न, ड्रामा, अप्रत्याशित मोड़ों और एकजुटता के दमदार पल से भरपूर होने वाला है! कलर्स के मन्नत हर खुशी पाने की और डॉ. आरंभी एक खास क्रॉसओवर एपिसोड में साथ आ रहे हैं, जहाँ एक उत्सव का मौका धोखे की जंग में बदल जाता है और जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब एक अप्रत्याशित साथी मदद के लिए सामने आता है। आरंभी (ऐश्वर्या खरे), ध्रुव (अर्जित तनेजा) और मन्नत जुनेजा (तन्वी डोगरा) को एक साथ लाने वाला यह खास महासंगम एक ऐसे जश्न का वादा करता है, जो एक अप्रत्याशित मोड़ ले लेता है। आरंभी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने साझा किया यह महासंगम बेहद खास है क्योंकि यह दो ऐसी महिलाओं को एक साथ लाता है जो पूरी तरह अलग अलग दुनियाओं से आती हैं, लेकिन उनकी यात्राओं को उनकी ताकत संवेदनशीलता और सही के लिए खड़े होने की प्रवृत्ति एक दूसरे से जोड़ती है। आरंभी हमेशा से लोगों के लिए आवाज उठाने में विश्वास रखती है और जब उसे एहसास होता है कि मन्नत और उसके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है तो वह उनकी मदद के लिए आगे आने में एक पल की भी देर नहीं करती। इस पल को खूबसूरत बनाने वाली बात यह है कि आरंभी के कदम उसके दिल से आते हैं वह किसी के साथ गलत होते हुए चुपचाप खड़ी नहीं रह सकती। दर्शकों को आरंभी का एक मजेदार और जश्न से भरा रूप देखने को मिलेगा लेकिन साथ ही वह साहस और दृढ़ संकल्प भी देखने को मिलेगा जो उसकी पहचान हैं। मन्नत जुनेजा का किरदार निभा रहीं तन्वी डोगरा ने आगे कहा जब भी दो शो एक साथ आते हैं, तो वह अपने आप में रोमांचक होता है, लेकिन इस महासंगम को और भी खास बनाने वाली बात मन्नत और आरंभी के बीच विकसित होने वाला रिश्ता है। मन्नत अपनी चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे समय में, जब उसे इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं होती, कोई उसके परिवार की रक्षा के लिए आगे आए, तो यह सचमुच दिल को छू लेने वाला होता है। सगाई का जश्न डांस, मस्ती और खूबसूरत पलों से भरपूर है, लेकिन इसके बीच होने वाला ड्रामा कहानी में एक बिल्कुल नया रंग जोड़ देता है। मुझे लगता है कि दर्शक यह देखना बेहद पसंद करेंगे कि कैसे आरंभी मन्नत की रक्षक बन जाती है और कैसे यह पल इस बात को और मजबूत करता है कि महिलाएं हमेशा एक-दूसरे की सबसे बड़ी ताकत बन सकती हैं। तनिषा और करण की सगाई के मौके पर जश्न की शुरूआत ओबेरॉय हाउस में होती है, जहाँ आरंभी और ध्रुव, मन्नत और उसके परिवार के साथ इस खुशी में शामिल होते हैं।

हरकेश नगर में गर्व का पल, छात्र आकाश ने रचा इतिहास

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



नई दिल्ली - राजकीय बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरकेश नगर, नई दिल्ली - 110020 (विद्यालय आईडी - 1925342) के छात्र आकाश ने राज्य स्तर पर आयोजित आशु भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। आकाश ने मंच पर अपने विचार इतने प्रभावशाली, आत्मविश्वासपूर्ण और ओजस्वी ढंग से रखे कि निर्णायक मंडल सहित सभी दर्शक प्रभावित हो गए। यह उपलब्धि उसकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय प्रमुख विशाल शर्मा के सफल नेतृत्व और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी पृथ्वी राज कमल भार्गव के कुशल मार्गदर्शन एवं पूर्व तैयारी को जाता है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों ने आकाश को इस बड़ी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि आकाश ने न केवल अपने माता-पिता, बल्कि अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुएगा।

शहीद सरदार उधम सिंह सैनी की 107वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धा से नमन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन - सैनी छात्रावास परिसर, कामवन में शुक्रवार को शहीद सरदार उधम सिंह सैनी की 107वीं पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक रतिराम सैनी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि और श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। उपस्थित समाज बंधुओं ने उनकी शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया। जिला प्रवक्ता हेमेंद्र सैनी हरसोलिया एवं जिला अध्यक्ष खुशीराम सैनी ने सरदार उधम सिंह के संघर्षपूर्ण जीवन, साहस और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उधम सिंह का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। महेंद्र सैनी बरोलिया ने कहा कि उधम सिंह की देशभक्ति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमें उनसे सीख लेकर हर समय देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। दयाराम सैनी अध्यापक एवं विकास सैनी अध्यापक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उधम सिंह का योगदान अद्वितीय था। उन्होंने समाज बंधुओं को समाज सेवा, शिक्षा और एकता के लिए प्रेरित किया। तहसील प्रभारी सुरेश सैनी पटेल एवं जिला अध्यक्ष वीर सिंह सैनी कानोरिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों के बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। सफल संचालन कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री, कल्याण परिषद दौलत राम सैनी ने किया। इस अवसर पर धर्मवीर, मोहित, ठाकुर लाल, अर्जुन सैनी, नितेश सैनी पटवारी, योगेश सैनी, प्रेम सिंह सैनी सहित ब्रिगेड एवं कल्याण परिषद के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाज बंधु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने समाज और देश की सेवा का संकल्प लिया.

विमलकुण्ड दीपदान में आकर्षण का केन्द्र बना विशाल दीपक, एक पीपा सरसों के तेल से हो रहा प्रज्वलित,15 लीटर तेल की क्षमता वाला दीपक रामेश्वर प्रजापति कामवन व प्रजापति समाज कामवन की ओर से हुआ भेंट

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामां के तीर्थराज विमल कुण्ड पर आयोजित भव्य दीपदान में इस बार एक विशाल दीपक विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस विशाल दीपक को एक पीपा सरसों के तेल से प्रज्वलित किया गया, जिसे देखने और दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। यह विशाल दीपक करीब 15 लीटर तेल की क्षमता वाला है। इसे सुंदर रंगों और आकर्षक कलाकारी से सजाया गया है। दीपक के चारों ओर फूलों की सजावट और दीपों की रोशनी ने पूरे आयोजन को और भी भव्य बना दिया है। यह विशाल दीपक रामेश्वर प्रजापति, हाल निवासी दिल्ली की ओर से भेंट किया गया है। दीपदान के दौरान विमल कुण्ड का पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। विशाल दीपक के दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और इस अलौकिक नजारे को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं। प्रजापति समाज कामवन की ओर से इस भव्य आयोजन में विशेष सहयोग किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह दीपक आस्था, भक्ति और परंपरा का प्रतीक है।

आस्था का सैलाब: अयोध्या में 50 लाख श्रद्धालुओं ने की पंचकोसी परिक्रमा, जय श्रीराम से गूंज उठी रामनगरी

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह
जिला ब्यूरो लखनऊ



अयोध्या। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर रामनगरी अयोध्या में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। पंचकोसी परिक्रमा शुरू होते ही लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा अयोध्या क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के अनुमान के मुताबिक, इस बार करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने पंचकोसी परिक्रमा में हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ लगभग 15 किलोमीटर लंबी परिक्रमा पूरी की। परिवारों, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों की बड़ी भागीदारी ने रामनगरी के धार्मिक उत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पंचकोसी परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु जिस स्थान से परिक्रमा आरंभ करते हैं, उसी स्थान पर वापस पहुंचकर यात्रा पूर्ण करते हैं। पहले यह परिक्रमा संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले रास्तों से होकर गुजरती थी, जिससे श्रद्धालुओं को कई बार असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब योगी सरकार के कार्यकाल में मार्ग को विकसित कर फोरलेन पर परिक्रमा की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में राहत मिली। रास्ते में जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने सेवा शिविर लगाए, जहां पानी, प्रसाद, भोजन, चिकित्सा सहायता और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस बार परिक्रमा पहले की अपेक्षा अधिक सुगम और व्यवस्थित रही। पंचकोसी परिक्रमा के साथ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में भी दर्शनार्थियों का भारी जमावड़ा रहा। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। रामलला के दर्शन के बाद श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पहुंचकर बजरंगबली के चरणों में शीश नवाते रहे। पूरा शहर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और रामनगरी में हर तरफ आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। परिक्रमा मार्ग और मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से जोन और सेक्टरों में विभाजित कर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए लगातार निगरानी की गई, जबकि पीएसी, आरएएफ, एटीएस और सिविल पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। लखनऊ जोन के एडीजी प्रवीण कुमार ने रातभर परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और श्रद्धालुओं से शांति, अनुशासन तथा सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर भी अपनी टीमों के साथ लगातार मैदान में सक्रिय रहे। परिक्रमा मार्ग पर चिकित्सा सहायता के लिए जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। एंबुलेंस, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, पेयजल, शौचालय और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासनिक टीमें लगातार भीड़ की स्थिति पर नजर रखती रहीं और जरूरत के अनुसार व्यवस्थाओं को संचालित करती रहीं। कमिश्नर राजेश कुमार, डीआईजी रेंज सोमेन वर्मा और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने भी पंचकोसी परिक्रमा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने लगभग दो घंटे में परिक्रमा पूरी की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और अधिकारियों को सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सेवा में संत-महंत और जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं रहे। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास सहित कई संतों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सेवा शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सहायता की। परिक्रमा मार्ग पर भक्ति के साथ अनुशासन और सेवा का भाव भी दिखाई दिया।

सनशाइन क्लब द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्वलन किया



एएच सिद्दीकी

झांसी सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि लखनलाल कुशवाहा पार्षद के आथित्य में महारानी लक्ष्मीबाई लक्ष्मीबाई जी की जयंती के सुअवसर पर गायत्री मंदिर के सामने आंतिया तालाब के प्रांगण में श्रद्धांजलि एवं द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रांगण मे सुन्दर रंगोली बनाते हुए साज- सज्जा के साथ विद्युत छटा से भव्य रूप दिया गया, साथ ही साउंड सिस्टम के माध्यम से देशभक्ति के गीत भी प्रसारित किये गये। मुख्य अतिथि एवं संस्था के सदस्यो द्वारा लक्ष्मीबाई जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक-एक द्वीप प्रज्वलित कर महारानी जी को नमन किया गया। कार्यक्रम संयोजक आशा-डाक्टर एल0सी0 अग्रवाल एवं आंचल - अमित जैन के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम को संयोजित किया गया। इस दौरान अनुराधा गुप्ता, सुरक्षा गुप्ता, रंजना पहारिया, वंदना भटनागर, निशा श्रीवास्तव, ममता अग्रवाल, मधुलता अग्रवाल, शालिनी गुप्ता, अमित जैन, रामकुमार अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, डॉ दीपक उपाध्याय, अरविन्द लोहिया, संजीव नायक, शरद पहारिया, पंकज अग्रवाल, इत्यादि उपस्थित रहे .। अंत में सचिव विलास गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

चायल के पूर्व विधायक दयाराम पासी बाबू जी का निधन, राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर



सुनहरा संसार मो.युनुस पत्रकार
(मंझनपुर) कौशांबी

कौशांबी। चायल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं लोकप्रिय जनप्रतिनिधि दयाराम पासी बाबू जी के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक जगत सहित समर्थकों और शुभचिंतकों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। दयाराम पासी बाबू जी अपने सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। उनके व्यवहार और जनसेवा के प्रति समर्पण के चलते लोग उनका विशेष सम्मान करते थे। उनके आकस्मिक निधन से चायल विधानसभा क्षेत्र ने एक अनुभवी पूर्व जनप्रतिनिधि और मार्गदर्शक व्यक्तित्व को खो दिया है। उनके निधन की खबर से समर्थकों और क्षेत्रीय लोगों में शोक का माहौल है। लोग उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार, शुभचिंतकों और समर्थकों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को वीरू यादव ने चिरगांव विवाह महोत्सव का दिया आमंत्रण

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ,वीरू भैया ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें चिरगांव विवाह महोत्सव में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न विषयों एवं आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। उनका आत्मीय स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

आधी आबादी का पूरा दम: सवा करोड़ महिलाएं संभाल रहीं कारोबार, ग्रामीण यूपी की अर्थव्यवस्था को दे रहीं नई उड़ान

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गांवों में अब महिलाएं केवल घर-परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि कारोबार की कमान संभालकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं अपने हुनर को रोजगार में बदल रही हैं। योगी सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की मेहनत अब स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रही है। गांवों में तैयार होने वाले उत्पाद अब केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रह गए हैं। महिलाओं के पारंपरिक कौशल, स्थानीय संसाधनों और हस्तशिल्प को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से व्यापक बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे महिलाओं को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलने के साथ स्वरोजगार, आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मविश्वास के नए अवसर मिल रहे हैं। स्वयं सहायता समूह अब ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल बचत का माध्यम नहीं, बल्कि उद्यम और रोजगार की मजबूत नींव बनते जा रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में महिलाएं स्थानीय कला, संस्कृति और पारंपरिक उत्पादों को कारोबार का आधार बनाकर अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। सहारनपुर में महिलाएं लालटेन, लकड़ी की ट्रे और नक्काशीदार दर्पण तैयार कर रही हैं, जबकि संभल में लकड़ी की ट्रे निर्माण के जरिए स्थानीय हुनर को बाजार से जोड़ रही हैं। फिरोजाबाद में कांच के उत्पाद और आकर्षक दीये तैयार किए जा रहे हैं। राजधानी लखनऊ में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं चिकनकारी के सूट बनाकर पारंपरिक कढ़ाई कला को आगे बढ़ा रही हैं। इन उत्पादों के जरिए स्थानीय शिल्प को नया जीवन मिल रहा है और महिलाएं अपने हुनर के दम पर उद्यमी बन रही हैं। महिलाओं के उत्पादों को अलग पहचान देने के लिए जिलेवार ब्रांड विकसित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण उत्पादों को बाजार में पहचान और ग्राहकों तक पहुंच बनाने में मदद मिल रही है। मिजार्पुर में ह्यविंध्य प्रेरणाह्न ब्रांड के अंतर्गत साड़ियां, सत्तू, सरसों का तेल और चना जैसे उत्पाद तैयार कर बाजार में उतारे जा रहे हैं। सोनभद्र में ह्यसोन प्रेरणाह्न के नाम से वन शहद, अगरबत्ती और बकरी के दूध से बने साबुन जैसे उत्पाद अपनी पहचान बना रहे हैं। वाराणसी में ह्यकाशी प्रेरणाह्न ब्रांड के तहत धूप और वंदनवार तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई देती है। बुलंदशहर में खुर्जा पॉटरी के दीये और मोमबत्ती स्टैंड बनाकर महिलाएं पारंपरिक मिट्टी कला को कारोबार से जोड़ रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उत्पादन, विपणन और स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रहा है। समूहों के माध्यम से महिलाएं सामूहिक रूप से काम कर रही हैं, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी विस्तार मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर कच्चे माल की उपलब्धता और पारंपरिक कौशल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह बढ़ने और स्थानीय उद्यमों को मजबूत करने की संभावनाएं भी विकसित हो रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार के अनुसार, सरकार का उद्देश्य महिलाओं के पारंपरिक कौशल को व्यावसायिक पहचान दिलाना और उनके उत्पादों को मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित करना है। मिजार्पुर, सोनभद्र, वाराणसी, सहारनपुर, बुलंदशहर, संभल, फिरोजाबाद और लखनऊ सहित कई जिलों में महिलाएं अपने स्थानीय उत्पादों के जरिए उद्यमशीलता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। महिलाओं की यह बढ़ती भागीदारी ग्रामीण उत्तर प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक बदलाव का संकेत है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाएं अब आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ परिवार की आय बढ़ाने, बच्चों की शिक्षा, बेहतर जीवन स्तर और स्थानीय रोजगार सृजन में योगदान दे रही हैं। घरों से शुरू हुआ यह कारोबार अब बाजार और ब्रांड की पहचान तक पहुंच रहा है। ग्रामीण महिलाओं का यह आत्मविश्वास और सामूहिक प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को भी मजबूत कर रहा है।

मूंगफली के पैसों को लेकर विवाद, मां-बेटे की दुकान पर बेरहमी से पिटाई

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के नगराम थाना क्षेत्र में मूंगफली के रुपये को लेकर हुए विवाद में मां और बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकानदार की पत्नी ने पहले युवक को गाली-गलौज करते हुए चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दुकानदार को बुला लिया गया, जिसके बाद पति-पत्नी दोनों ने मिलकर मां-बेटे की पिटाई कर दी। मारपीट में दोनों को शरीर पर अंदरूनी चोटें आईं। पीड़िता ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगराम थाने में शिकायत दी है। ग्राम मदारपुर निवासी सीमा पत्नी आशाराम के मुताबिक, 19 नवंबर 2026 को शाम करीब 6:30 बजे वह अपने बेटे विपिन के साथ खेत करोरा से घर लौट रही थीं। रास्ते में सड़क किनारे सरवन की दुकान पर वह मूंगफली खरीदने के लिए रुक गईं। उस समय दुकान पर सरवन की पत्नी मौजूद थी। मूंगफली के रुपये को लेकर किसी बात पर विवाद हो गया, जिसके बाद दुकानदार की पत्नी उनके बेटे विपिन को गाली देने लगी। पीड़िता का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सरवन की पत्नी ने विपिन को चप्पलों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बेटे को पिटता देख सीमा ने विरोध किया और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदार की पत्नी ने अपने पति सरवन को मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में सरवन भी वहां पहुंच गया और दोनों पति-पत्नी ने मिलकर सीमा तथा उनके बेटे विपिन के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सीमा के अनुसार, मारपीट के दौरान दोनों को काफी चोटें आईं और शरीर में अंदरूनी दर्द होने लगा। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के बाद मां-बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे दोनों भयभीत हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। सीमा ने थाना नगराम में प्रार्थना पत्र देकर सरवन और उसकी पत्नी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि मामूली पैसों के विवाद में मां-बेटे के साथ इस तरह मारपीट करना बेहद गंभीर मामला है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल मामला पीड़िता की शिकायत पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी सामने आने के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के वंशजों का झाँसी में हुआ भव्य सम्मान, डॉ. संदीप सरावगी ने किया अभिनंदन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झाँसी में उनकी जयंती के अवसर पर एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला। महारानी लक्ष्मीबाई के वंशज योगेश अरुण राव अपने परिवार के साथ झाँसी पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर इतिहास की गौरवशाली विरासत और वर्तमान पीढ़ी के बीच एक विशेष जुड़ाव देखने को मिला। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं वर्तमान में नागपुर (महाराष्ट्र) में निवासरत योगेश अरुण राव, उनकी धर्मपत्नी प्रीति योगेश राव, पुत्र प्रियेश योगेश राव और पुत्री धनिका योगेश राव का डॉ. संदीप सरावगी द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पूरे परिवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिह्न के रूप में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल झाँसी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की गौरवशाली विरासत हैं। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, स्वाभिमान के साथ जीने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। झाँसी उनकी कर्मभूमि रही है और यहां की मिट्टी में आज भी उनकी वीरता और बलिदान की गाथाएं जीवंत हैं। वहीं महारानी लक्ष्मीबाई के वंशजों ने डॉ. संदीप सरावगी के सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करना अपने आप में सराहनीय है। कार्यक्रम ने झाँसी की ऐतिहासिक पहचान और महारानी लक्ष्मीबाई की गौरवशाली विरासत को एक बार फिर जीवंत कर दिया। यह सम्मान समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उस महान वीरांगना के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भावपूर्ण अवसर बना, जिनका नाम भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। इस अवसर पर संदीप नामदेव, भूरी देवी, नेहा, प्रमेन्द्र, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन एवं धर्मेंद्र खटीक नीतू रसकेंद्र, दीपक रहीस। सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खेल मैदान में झांसी-उरई का जलवा, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। राजकीय इंटर कॉलेज के स्पोर्ट्स ग्राउंड में बुधवार को दो दिवसीय मंडलीय आईटीआई खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाबूलाल तिवारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक आशीष दुबे ने की। प्रतियोगिता में झांसी मंडल के विभिन्न राजकीय आईटीआई के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन फुटबॉल प्रतियोगिता में झांसी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वॉलीबॉल में उरई की टीम विजेता रही। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा का परिचय दिया। सायंकालीन सत्र में विशिष्ट अतिथियों संजय पटवारी, गिरीश मिश्रा एवं कुलदीप सिंह दांगी ने चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि खेलों से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर आईटीआई झांसी के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव, उरई के प्रधानाचार्य मान सिंह भारती एवं महिला आईटीआई के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सहित आयोजन समिति के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती पर झाँसी में भव्य आयोजन, सिंहासन पर विराजमान प्रतिमा बनी ऐतिहासिक आकर्षण

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती के अवसर पर 19 नवंबर को झाँसी में शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कर्मयोगी संस्था (रजि.), झाँसी द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में 'राजधर्म आमंत्रण झ मैं अपनी झाँसी नहीं दूंगी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें महारानी लक्ष्मीबाई को सिंहासन पर विराजमान दर्शाया गया है। डॉ. संदीप सरावगी ने इस अवसर पर कहा कि पूरे भारत में सिंहासन पर बैठी हुई झाँसी की रानी की यह पहली और एकमात्र प्रतिमा है। उन्होंने इसे झाँसी के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश के लिए गौरव और सम्मान का विषय बताया। इसके साथ ही वीरांगना के त्याग, समर्पण और आदर्शों को समर्पित 'राजधर्म स्मारक' का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर को दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। रानी लक्ष्मीबाई पार्क, झाँसी दुर्ग और महारानी लक्ष्मीबाई से जुड़ी ऐतिहासिक इमारतें दीपों की रोशनी से जगमगा उठीं। दीपों से सजे ऐतिहासिक परिसर का मनमोहक दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा झाँसी शहर अपनी वीरांगना के सम्मान में दीपोत्सव मना रहा हो। इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने जनपदवासियों एवं समस्त देशवासियों को महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जीवन अदम्य साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण की अमर मिसाल है। उन्होंने कहा कि झाँसी केवल एक ऐतिहासिक नगरी नहीं, बल्कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान की पहचान है। उनकी कर्मभूमि को दीपों से सजाकर जिस प्रकार श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया गया है, वह अत्यंत मनमोहक और गौरवपूर्ण है। डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का 'मैं अपनी झाँसी नहीं दूंगी' का उद्घोष आज भी देशवासियों के भीतर स्वाभिमान, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जागृत करता है। सिंहासन पर विराजमान उनकी भव्य प्रतिमा नारी शक्ति, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र गौरव का संदेश देती है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और वीरांगनाओं के बलिदान से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें महारानी लक्ष्मीबाई की विरासत को केवल स्मरण ही नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में भी आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से कर्मयोगी संस्था ने महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य, त्याग, बलिदान और झाँसी के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करने का संदेश दिया। सिंहासन पर विराजमान वीरांगना की अनूठी प्रतिमा, राजधर्म स्मारक का लोकार्पण और दीपों से आलोकित ऐतिहासिक परिसर ने इस समारोह को यादगार बना दिया। यह आयोजन झाँसी की गौरवशाली विरासत और महारानी लक्ष्मीबाई के प्रति देशवासियों की अटूट श्रद्धा का प्रतीक बना।

डॉक्टर के सरकारी आवास में लाखों की चोरी का सनसनीखेज खुलासा, हापुड़-बागपत के दो शातिर चोर गिरफ्तार

सुनहरा संसार मो.युनुस पत्रकार (मंझनपुर)कौशांबी



कौशाम्बी। मंझनपुर जिला अस्पताल परिसर स्थित डॉक्टर के सरकारी आवास में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी से पुलिस महकमे में मची हलचल के बाद पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देश पर मंझनपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हापुड़ और बागपत जनपद के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अलीजान और शाकिर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के तीन लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के कीमती आभूषण, एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल सफेद रंग की वेगनआर कार बरामद की है। जानकारी के मुताबिक, 13 नवंबर 2026 को मंझनपुर जिला अस्पताल परिसर स्थित डॉक्टर डॉ. रमेश चंद्र यादव के आवास को चोरों ने निशाना बनाया था। घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर करीब छह लाख रुपये की नकदी और लाखों के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए थे। घटना के समय डॉक्टर आवास पर मौजूद नहीं थे। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा और नकदी व जेवरात गायब देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर मंझनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीमों को लगाया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। लगातार छानबीन के बाद 20 नवंबर को मिली महत्वपूर्ण सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वेगनआर कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की नकदी और आभूषणों के साथ अवैध असलहा भी बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वारदात का तरीका बताया। पुलिस के अनुसार, आरोपी 12 नवंबर को अपने दो अन्य साथियों के साथ मंझनपुर जिला अस्पताल परिसर पहुंचे थे। वहां सरकारी कॉलोनी में बने डॉक्टरों के आवासों की रेकी की गई। इसके बाद एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए अगले दिन 13 नवंबर को दोबारा पहुंचे और ताला तोड़कर घर में रखी करीब छह लाख रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। आरोपियों ने चोरी की रकम और जेवरात आपस में बांट लिए थे। पुलिस अब इस वारदात में शामिल अन्य साथियों की तलाश और उनकी भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 19.370 ग्राम सोने के आभूषण, जिनमें एक मंगलसूत्र, दो जोड़ी टॉप्स, एक लॉकेट, ओम का लॉकेट और कान का एक झाला शामिल है, बरामद हुआ है। वहीं करीब 266 ग्राम वजन की चांदी की दो जोड़ी पायल भी मिली हैं। पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल सफेद रंग की वेगनआर कार भी कब्जे में ली है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अलीजान के खिलाफ हापुड़, बागपत, कानपुर नगर, गाजियाबाद और संभल समेत विभिन्न जनपदों में चोरी, नकबजनी और अन्य धाराओं में कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी शाकिर के खिलाफ नोएडा और गाजियाबाद में चार आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस दोनों आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के साथ ही अन्य जिलों में हुई चोरी की घटनाओं से उनके संभावित संबंधों की भी पड़ताल कर रही है। डॉक्टर के आवास में हुई इस बड़ी चोरी का खुलासा होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। इस कार्रवाई में मंझनपुर थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कथाओं के शोर में दबते बुनियादी मुद्दे

सुनहरा संसार ब्यूरो

झांसी कथाओं के शोर में दबते बुनियादी मुद्दे उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले धार्मिक आयोजनों के मंच पर सियासी हलचल तेज होती दिख रही है। रामकथा से लेकर शिवमहापुराण तक, बड़े कथावाचकों के कार्यक्रमों में नेताओं की मौजूदगी नए सवाल खड़े कर रही है। आखिर राजा भैया, बृजभूषण शरण सिंह, रवि शर्मा, सुशील सिंह, मनोज पाण्डेय और दूसरे नेताओं के धार्मिक आयोजनों के क्या राजनीतिक मायने हैं? कहीं कथाओं के शोर में बुनियादी और आवश्यक मुद्दों को दबाने की साजिश तो नहीं की जा रही है? नेताओं के शक्ति प्रदर्शन का मंच केवल राजनीतिक रैलियां और जनसभाएं तक नहीं रह गई हैं, बल्कि धार्मिक कथाएं भी राजनीतिक प्रभाव दिखाने का माध्यम बन रही हैं। बहुचर्चित प्रतापगढ़ के कुंडा के बेंती राजभवन में 17 से 20 नवंबर तक धीरेन्द्र शास्त्री की रामकथा चल रही है, जिसमें देश-प्रदेश के बड़े-बड़े दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ है, झाँसी में 4 से 10 दिसम्बर तक पं प्रदीप मिश्रा की श्री शिवमहापुराण कथा एवं 11 से 13 दिसम्बर तक धीरेन्द्र शास्त्री जी की हनुमंत कथा होगी, लखन

ऑटो में बैठी महिलाओं ने बुजुर्ग महिला की सोने की चेन उड़ाई, तेलीबाग से अस्पताल जाते समय वारदात

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में ऑटो में सफर करने के दौरान महिलाओं को निशाना बनाकर चोरी करने का मामला सामने आया है। तेलीबाग चौराहे के पास शनि मंदिर से ऑटो में सवार हुई तीन संदिग्ध महिलाओं पर एक महिला की सोने की चेन चोरी करने का आरोप लगा है। पीड़िता अपनी बेटी के साथ अस्पताल जा रही थी। आरोप है कि ऑटो में बैठी महिलाओं ने उसे लगातार असहज करते हुए पैरों को दबाया और बैठने में परेशान किया। इसी दौरान मौका पाकर उसके गले से सोने की चेन गायब कर दी। चोरी हुई चेन करीब दो तोला यानी लगभग 20 ग्राम वजन की बताई गई है। वृंदावन योजना, सेक्टर-6 के पास मंशा पैलेस, केवी सिटी गली नंबर-1 निवासी प्रतिभा देवी के अनुसार, 2 अक्टूबर 2026 को वह अपनी बेटी को दंत चिकित्सा के लिए कमांड अस्पताल ले जा रही थीं। तेलीबाग चौराहे पर शनि मंदिर के पास से उन्होंने ऑटो पकड़ा। ऑटो में पहले से तीन लोग सवार थे, जिनमें दो महिलाएं और एक अन्य व्यक्ति शामिल था। पीड़िता का आरोप है कि ऑटो में बैठने के बाद तीनों महिलाएं उन्हें आराम से बैठने नहीं दे रही थीं और लगातार उनके पैरों को अपने पैरों से दबाती जा रही थीं।प्रतिभा देवी ने जब असुविधा जताई और ऑटो से उतरने की कोशिश की तो आरोपित महिलाओं ने उन्हें रोककर ठीक से बैठने की जगह देने का प्रयास किया। पीड़िता के मुताबिक, इसी दौरान महिलाओं ने बेहद चालाकी से उनके गले से सोने की चेन निकाल ली। इसके बाद तीनों महिलाएं तेलीबाग से आगे पड़ने वाले चौराहे पर ऑटो से उतर गईं। उस समय प्रतिभा देवी को चेन चोरी होने की जानकारी नहीं हो सकी और वह अपनी बेटी के साथ अस्पताल पहुंच गईं। अस्पताल पहुंचने के बाद जब उन्होंने अपने गले में सोने की चेन नहीं देखी तो चोरी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चेन का कोई पता नहीं चल सका। पीड़िता के मुताबिक, चोरी हुई चेन सोने की थी और उसका वजन लगभग दो तोला यानी करीब 20 ग्राम था, जिसकी कीमत काफी अधिक है। घटना से परेशान प्रतिभा देवी ने थाना पीजीआई पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने ऑटो में सवार संदिग्ध महिलाओं की पहचान कर चोरी की गई सोने की चेन बरामद कराने तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता को आशंका है कि ऑटो में सवार महिलाओं ने सुनियोजित तरीके से उन्हें बातों और शारीरिक असुविधा में उलझाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ऑटो में सफर के दौरान इस तरह महिलाओं को निशाना बनाए जाने की घटना ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों और सार्वजनिक परिवहन में सफर करने वाले लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल मामला पीड़िता की शिकायत पर आधारित है। पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई का विवरण सामने आने के बाद घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जमीन पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष, दो भाइयों पर कुल्हाड़ी, बांके और लोहे की रॉड से हमला

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवादित जमीन पर रात के समय अवैध निर्माण किए जाने का विरोध करने पहुंचे दो भाइयों पर कई लोगों ने एकजुट होकर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने कुल्हाड़ी, बांके और लोहे की रॉड से दोनों भाइयों पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे एक भाई के हाथ में गहरा घाव हो गया, जबकि दूसरे को भी अंदरूनी और बाहरी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित लखन पुत्र शिव गुलाम, निवासी ग्राम रतौली, पोस्ट जैतीखेड़ा, थाना बंथरा, लखनऊ के मुताबिक, ग्राम पंचायत खटोला के पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रशासक संतोष कुमार पर उनकी निजी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि जमीन को लेकर न्यायालय में मुकदमा लंबित है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष लगातार कब्जे की कोशिश कर रहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 19 नवंबर 2026 को शाम करीब 6:30 बजे संतोष कुमार की कथित साजिश के तहत सचिन पुत्र विनोद, मनोहर पुत्र रामआसरे, राजकमल पुत्र संतोष कुमार, विनय पुत्र रामकिशोर, परिवार की कुछ महिलाएं और 12 से 15 अज्ञात लोग एकजुट होकर विवादित भूमि पर निर्माण कार्य कराने लगे। लखन और उनके भाई रामसुमिरन मौके पर पहुंचे और न्यायालय में मुकदमा लंबित होने का हवाला देते हुए निर्माण रोकने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर विपक्षी पक्ष भड़क गया और दोनों भाइयों को जातिसूचक अपशब्द कहने लगा। पीड़ित के अनुसार, देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और आरोपितों ने कुल्हाड़ी, बांके तथा लोहे की रॉड से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में लखन के हाथ पर कुल्हाड़ी से गहरा वार लगा, जिससे काफी खून बहने लगा। वहीं उनके भाई रामसुमिरन को भी गंभीर अंदरूनी और बाहरी चोटें आईं। दोनों भाइयों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। लखन ने थाना बंथरा में प्रार्थना पत्र देकर नामजद आरोपितों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, जानलेवा हमले, जातिसूचक गालियां देने और जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश के मामले में कार्रवाई की मांग की है। घटना में पूर्व ग्राम प्रधान एवं वर्तमान ग्राम पंचायत प्रशासक संतोष कुमार की भूमिका को लेकर भी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के समक्ष दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जानकारी सामने आई है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा पुलिस की कार्रवाई के संबंध में जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

23 नवम्बर को बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज में लगेगा वृहद रोजगार मेला

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी

झाँसी। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, झाँसी द्वारा दिनांक 23 नवम्बर, 2026 को बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज, झाँसी परिसर में प्रातः 10 बजे से वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश-प्रदेश एवं विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि रोजगार मेले में नेक्स्ट जेनरेशन मैन्युफैक्चरिंग प्रा० लि०, हाईवेरूप प्रेसिजन टेक्नोलॉजी लि०, एल०एण्ड टी० कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, साता विकास इण्डिया प्रा० लि०, वर्धमान फैब्रिक्स, केएसपीजी ऑटोमोटिव प्रा० लि०, ब्लिंकिट, बैको प्रोडक्ट इंडिया लि०, मुंगी इंजीनियर्स प्रा० लि०, इंस्टर इण्डिया प्रा० लि० सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, एमबीए सहित तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र की विभिन्न शैक्षिक योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए 2000 से अधिक रिक्त पद उपलब्ध हैं। मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी क्यूआर कोड अथवा रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के उपरांत अभ्यर्थी अपने संपूर्ण बायोडाटा एवं आवश्यक शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ सीधे बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज परिसर में स्थापित साक्षात्कार काउंटरों पर उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों द्वारा चयन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। उन्होंने अधिक से अधिक योग्य अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में प्रतिभाग कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

नेशनल हाइवे-730 पर ओवरटेकिंग के दौरान भीषण सड़क हादसा; एक ही परिवार के तीन लोग घायल, सीओ गोला ने दिखाई मानवता

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र

गोला लखीमपुर खीरी। जनपद के लखीमपुर-पीलीभीत नेशनल हाइवे-730 पर रुकुंदीपुर चौराहे के पास स्थित सरदार पटेल कन्या इंटर कॉलेज के नजदीक एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ओवरटेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।गोला की तरफ से लखीमपुर की ओर जा रही एक बाइक और स्कूटी के सामने अचानक एक अन्य बाइक सवार ने गलत तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। अचानक वाहन सामने आ जाने से चालक संतुलन खो बैठे और वाहनों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए हैं। गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के रहमतनगर मूर्तिया निवासी डॉ. जहीर (34 वर्ष) पुत्र मख्दूम अली, उनकी पत्नी मीना बेगम (33 वर्ष) और 10 वर्षीय बेटी शाजिया खातून के रूप में हुई है। हादसे के वक्त गोला क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र सिंह परिहार उसी मार्ग से लखीमपुर की ओर जा रहे थे। सड़क पर भीड़ और लहूलुहान हालत में पड़े घायलों को देख उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। 108 एम्बुलेंस के पहुंचने में हो रही देरी को देखते हुए सीओ ने बिना समय गंवाए एक निजी वाहन रुकवाया और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी फरधान भिजवाया। सीएचसी फरधान के डॉक्टरों ने डॉ. जहीर की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल (मोतीपुर ओयल) के लिए रेफर कर दिया है, जबकि उनकी पत्नी मीना बेगम और बेटी शाजिया खातून का इलाज सीएचसी फरधान में चल रहा है। पुलिस ने मौके से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की लखनऊ रैली को सफल बनाने में जुटी ए आई एम आई एम, लखीमपुर खीरी

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला लखीमपुर खीरी। आगामी 26 नवंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की विशाल रैली को सफल बनाने के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में ए आई एम आई एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी तथा आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी स्थित ए आई एम आई एम के जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला एवं नगर पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली की तैयारियों, जनसंपर्क अभियान और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिले की विभिन्न विधानसभा एवं नगर इकाइयों को जिम्मेदारियां सौंपने के साथ गांव-गांव और क्षेत्र-क्षेत्र तक जनसंपर्क अभियान चलाने की रणनीति तैयार की गई। पदाधिकारियों ने रैली में जिले की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से लखीमपुर खीरी जनपद से लगभग 1000 से 1500 लोगों को लखनऊ ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों के सहयोग से जिले से बड़ी संख्या में लोग रैली में पहुंचेंगे और सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की इस राजनीतिक पहल को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक की अध्यक्षता ए आई एम आई एम जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम ने की। इस अवसर पर यूथ जिलाध्यक्ष आशू, प्रदेश सचिव नजमुल हसन, जिला सचिव हनीफ खान, जिला प्रवक्ता मोहम्मद अशफाक, जिला महासचिव आजाद खान, श्रीनगर विधानसभा अध्यक्ष अनवारूल, गोला नगर अध्यक्ष अफरोज खान, गोला नगर यूथ अध्यक्ष सोनू खान, लखीमपुर नगर अध्यक्ष अफसर जैदी, लखीमपुर सदर के भावी प्रत्याशी सब्बीर बाबा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर 26 नवंबर की लखनऊ रैली को सफल बनाने और सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के उद्देश्य एवं संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

सेलरहा पश्चिम के ऐतिहासिक मेले में उमड़ा आस्था और उत्साह का जनसैलाब, हजारों की भीड़ से गुलजार हुआ मेला परिसर

सुनहरा संसार मो.युनुस पत्रकार (मंझनपुर)कौशांबी



कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम सेलरहा पश्चिम में आयोजित मेले में शुक्रवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और आसपास के गांवों से आने वाले लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। देखते ही देखते मेला परिसर लोगों की भारी भीड़ से गुलजार हो उठा। मेले में उमड़ी भीड़ ने आयोजन की रौनक में चार चांद लगा दिए। चारों तरफ चहल-पहल, उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मेले में महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दुकानों पर लोगों की खूब भीड़ देखने को मिली। बच्चों ने खिलौनों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया तो वहीं महिलाओं और पुरुषों ने मेले में लगी विभिन्न दुकानों से जमकर खरीदारी की। मेले में खाने-पीने की दुकानों से लेकर घरेलू सामान और मनोरंजन के स्टालों तक लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही। ग्रामीणों के लिए मेला आपसी मेल-मिलाप और मनोरंजन का प्रमुख आकर्षण बना रहा। वहीं मेले में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। शमशाबाद चौकी प्रभारी योगेश यादव ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। उन्होंने मेला परिसर में लगातार भ्रमण कर भीड़ की स्थिति का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। मेले में आने-जाने वाले लोगों की सुविधा, यातायात व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी के साथ डटी रही। चौकी प्रभारी योगेश यादव ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी, ताकि मेले में आने वाले किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस की सक्रियता के चलते मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता देखने को मिली। पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाई और पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पुलिस की सक्रियता और शमशाबाद चौकी प्रभारी योगेश यादव की कार्यशैली की सराहना की। लोगों का कहना रहा कि बड़े आयोजनों में पुलिस की मुस्तैदी बेहद जरूरी होती है, जिससे लोग बिना किसी परेशानी के मेले का आनंद उठा सकें। कुल मिलाकर सेलरहा पश्चिम का मेला लोगों के उत्साह, उमंग और भारी भीड़ के चलते आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं शमशाबाद चौकी प्रभारी एवं उनकी पुलिस टीम की सतर्कता और सक्रियता ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक शोध की अहम भूमिका

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित ह्याप्राकृतिक आपदाएं एवं प्रबंधनह्न विषयक दो दिवसीय चौथे अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने आपदा प्रबंधन की चुनौतियों और उनके समाधान पर मंथन किया। भूविज्ञान विभाग की स्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह वेबिनार रशियन एकेडमी ऑफ साइंसेज, रूस एवं डॉ. एस.एन. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। वेबिनार के दूसरे दिन शुक्रवार को अमेरिका की सुषमा काडेल ने आधुनिक तकनीक से चट्टानों के गिरने की घटनाओं के अध्ययन, प्रो. अशोक कुमार सिंह एवं रूस के प्रो. यारोस्लाव सखारोव ने अंतरिक्ष मौसम से मानव स्वास्थ्य और तकनीकी संसाधनों को होने वाले खतरों पर प्रकाश डाला। डॉ. शांतनु सरकार, डॉ. शारदा प्रसाद प्रधान एवं डॉ. इंद्रेश के. पांडे ने हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारणों और प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी। डॉ. काशिफ इमदाद ने आपदा प्रबंधन में भू-स्थानिक तकनीक, डॉ. द्रौपदी यादव ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं एवं प्रकृति आधारित समाधान, प्रो. आशा लता सिंह ने हरित प्रौद्योगिकी तथा प्रो. मीनल मिश्रा ने आपदा प्रबंधन में दूरस्थ शिक्षा की भूमिका पर विचार रखे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे ने प्राकृतिक आपदाओं के कारणों, प्रभावों और उनके न्यूनीकरण की रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। वेबिनार के संयोजक एवं भूविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार सिंह ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सह-संयोजक प्रो. राम औतार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड रामनगर का भव्य शुभारंभ

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



चिरगांव (झाँसी)। विकासखंड चिरगांव के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड, रामनगर के उद्घाटन (शुभारंभ) कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक राजीव सिंह पारीछा ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का एक सशक्त माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कृषि सुविधाओं एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति रामनगर का शुभारंभ क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों और ग्रामीणों को सहकारिता व्यवस्था से जुड़ने के नए अवसर मिलेंगे तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को गति मिलेगी। विधायक ने समिति के पदाधिकारियों एवं संचालकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ समिति का संचालन करें, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयदेव पुरोहित ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश पराशर (लाल पहाड़ी) जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद नायक , ब्लॉक प्रमुख चिरगांव राजकान्तेश वर्मा , सहकारिता विभाग झाँसी के एडीओ अजय सिंह , विनोद गौतम, नरेन्द्र नायक , जिला पंचायत सदस्य गोविन्द सिंह रायकवार एवं सियाशरण यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान दबरा बुजुर्ग राहुल राजपूत , ग्राम प्रधान रिंकू दांगी , समिति सचिव कौशल चतुर्वेदी , संजय नायक , समिति डायरेक्टर रामकुमार शिवहरे एवं अवधेश पुरी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अस्तल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मोहमदी खीरी में लक्ष्मी बाई एवं भाऊराव देवरस जी की जयंती का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मदी क्षेत्र के विधायक श्रीमान लोकेंद्र प्रताप जी ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हमारे देश में वीरांगनाओं ने देश को स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाई है। इस कथन की सराहना करते हुए भैया/ बहनों को प्रेरित किया। इस अवसर पर भारत माता रानी लक्ष्मीबाई तथा भाऊराव देवरस की की झांकियां निकालकर नगर भर में भ्रमण किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान गोपाल मोहन रस्तोगी अध्यक्ष श्रीमान गुलशन कुमार भसीन जी कोषाध्यक्ष श्रीमान शोभित मेहरोत्रा, तथा सैकड़ो की संख्या में अभिभावकगण ,भैया/ बहन मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान पवन कुमार वर्मा जी ने आए हुए अतिथि महानुभावों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्या बहनें एवं आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

महारानी लक्ष्मीबाई साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति - जिला पंचायत अध्यक्ष

एच्व सिद्दीकी



झांसी: जिला पंचायत अध्यक्ष/जिला एकीकरण समिति पवन कुमार गौतम की अध्यक्षता में झांसी जनपद की महान विभूति वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी के जन्मदिवस समारोह का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया, साथ ही एकीकरण समिति के अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय एकता, अखंडता की सामूहिक रुप से शपथ दिलाई गई। विकास भवन परिसर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी के जन्मदिवस पर आकर्षक रंगोली सजायी गयी। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने महारानी लक्ष्मीबाई जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीपांजली करते हुये कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का दिन है कि पूरा देश वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी का जन्मदिन उत्सव के रुप में मना रहा है। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, राष्ट्र प्रेम, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुये बताया कि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने बताया कि आजादी के आन्दोलन में महारानी लक्ष्मीबाई अग्रणी रहीं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति में ही राष्ट्र शक्ति निहित है। झांसी सामाजिक सौहार्द की नगरी है। उन्होंने बताया कि जिला एकीकरण समिति का मूल उद्देश्य प्रशासन एवं जनता के बीच में आपसी सौहार्द एवं सामंजस्य स्थापित करना है। अन्तर्राष्ट्रीय बौध शोध संस्थान, उ0प्र0 के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) हरगोविंद कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सन् 1857 में क्रान्ति की जनक वीरांगना लक्ष्मीबाई थीं। रानी लक्ष्मीबाई ने देश पर अपना बलिदान देकर स्वतंत्रता के आंदोलन की नींव रखी एवं दुनिया में अपना नाम अमर कर गई। उन्होंने बाईसा के जन्म स्थान, पालन-पोषण, शस्त्र विद्या, वैवाहिक कार्यक्रम एवं राजकाज, धर्म-कर्म से जुड़ी विशेष जानकारी एवं उनके सम्मान में पुरातन लोकगीत प्रस्तुत किया। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई जी के जीवन संघर्ष और स्वतन्त्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से अवगत कराया। जिला एकीकरण समिति के वरिष्ठ सदस्य/वरिष्ठ पत्रकार मोहन नेपाली ने बाईसा रानी लक्ष्मीबाई को साम्प्रदायिक सद्भाव की प्रतिमूर्ति बताते हुये उनके स्वतन्त्रता आन्दोलन की ऐतिहासिक गाथा व महारानी लक्ष्मीबाई जी के स्वराज की कल्पना के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया। समाज सेविका एवं शिक्षाविद डॉ0 नीति शास्त्री द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती तथा जिला एकीकरण समिति के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। प्रगति शर्मा बया ने वीरांगना लक्ष्मीबाई जी के साहस एवं शौर्य गाथा का काव्यपाठ किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अर्चना सिंह, दीपशिखा शर्मा, प्रगति शर्मा, मनमोहन मनु, सुदर्शन शिवहरे, अपर संख्याधिकारी के0बी0 गुप्ता, वरिष्ठ सहायक कौशर सिद्दीकी, सहित एकीकरण समिति के अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में मातृशक्ति, सदस्यगण तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संविधान संवाद अभियान के तहत छात्राओं को दी गई संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी श्रीमती कमलेश कच्छल के कुशल मार्गदर्शन में संचालित संविधान संवाद जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूरज प्रसाद राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, झांसी में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज (जू.डि.) सुश्री नंदिनी अग्निहोत्री उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्राओं एवं शिक्षकगण को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराया। उन्होंने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता एवं गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे विद्यार्थी जीवन से ही संवैधानिक मूल्यों को अपने आचरण में आत्मसात करें। रिसोर्स पर्सन श्री सचिन जैन ने छात्राओं को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक आदिल जाफरी ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं समाज के कमजोर तथा जरूरतमंद वर्गों के लिए संचालित विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी दी। परा-विधिक स्वयंसेवक समीरा खान ने छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन संख्या 15100 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुष्मिता वर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सुमन आर्या, परा-विधिक स्वयंसेवक नेहा श्री, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

पब्लिक इंटर कॉलेज गोला की उपलब्धि पर पुरातन छात्र परिषद ने किया प्रबंधक का सम्मान

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। पब्लिक इंटर कॉलेज, गोला को प्रबंध समिति के अथक प्रयासों से पुनः बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर पुरातन छात्र परिषद, गोला द्वारा विद्यालय के प्रबंधक श्री विजय माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय शुक्ल रिंकू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय को पुनः बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि ब

राजधानी में सजी संस्कृत रंगमंच की भव्य शाम

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखनऊः राजधानी लखनऊ के कला और साहित्य प्रेमियों के लिए गुरुवार की शाम शास्त्रीय संस्कृत रंगमंच के नाम रही। महाकवि कालिदास जयंती समारोह के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ एवं सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था ह्यसार्थक - एक सामाजिक विचारह्व के संयुक्त तत्वावधान में महाकवि कालिदास विरचित सुप्रसिद्ध संस्कृत नाटक मालविकाग्निमित्रम का भव्य मंचन किया गया। न्यू हैदराबाद स्थित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के प्रेक्षागृह में सायं 6:30 बजे से आयोजित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को प्राचीन भारतीय नाट्य-परंपरा की समृद्ध विरासत से रूबरू कराया। यह सांस्कृतिक संध्या उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक प्रेमेन्द्र कुमार गुप्ता पावन सान्निध्य में संपन्न हुई। नाटक का निर्देशन भारतेन्दु नाट्य अकादमी से प्रशिक्षित निर्देशक रमन कुमार ने किया, जबकि इसका प्रभावी संस्कृतानुवाद अंशू गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथि उद्बोधन हुआ और फिर कलाकारों ने नाटक की सजीव प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में निर्देशक एवं सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।पाँच अंकों के इस प्रेम और राजनीति प्रधान संस्कृत नाटक में शुंग वंश के विदिशा नरेश राजा अग्निमित्र और विदर्भ की राजकुमारी मालविका की प्रणय कथा को अत्यंत रोचक ढंग से मंच पर उतारा गया। नाटक के कथानक में दिखाया गया कि राजा अग्निमित्र महारानी धारिणी के साथ अंकित एक चित्र में सुंदर दासी मालविका को देखकर उस पर मोहित हो जाते हैं। महारानी धारिणी मालविका को राजा की दृष्टि से दूर रखने के लिए आचार्य गणदास क?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी के निधन पर सीतापुर में शोक सभा

सुनहरा संसार शहरोज आलम



सीतापुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माता जी के निधन के उपरांत सीतापुर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जनपद के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकताओं ने एकत्र होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि माँ का जाना जीवन की सबसे बड़ी क्षति है। माँ के आशीर्वाद से ही मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की सेवा का संकल्प लिया है। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री मनोज पांडे भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की मौजूदगी में शोक सभा के दौरान पूरा वातावरण गमगीन रहा। सभी जनप्रतिनिधियों ने सिर झुकाकर दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि पूज्य माता जी का जीवन सादगी, संस्कार और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। प्रभारी मंत्री मनोज पांडे ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री जी के साथ खड़ा है। शोक सभा के अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और मुख्यमंत्री जी सहित पूरे परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर सदर विधायक एवं मंत्री राकेश राठौर गुरु हरगांव विधायक एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य एमएलसी पवन सिंह चौहान,विधायक ज्ञान तिवारी,विधायक रामकृष्ण भार्गव,विधायक शशांक त्रिवेदी जिलाधिकारी प्रथमेश कुमार पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर उपस्थित रहीं।।

हर महीने तनख्वाह से 5 हजार लगाकर पीछे आदमी लगा दूंगा

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी। जिले की पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस महकमे और पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में उचौलिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अवध राज सिंह सेंगर अपने ही कार्यालय में बैठकर एक पत्रकार को कथित तौर पर धमकी देते हुए नजर आ रहे हैं।वायरल हो रहे वीडियो में इंस्पेक्टर पत्रकार की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है"तुमको मालूम है हमको सारे स्क्रीनशॉट हमारे पास हैं,लड़ोगे हमसे एक काम करो, अपनी तनख्वाह से हर महीने 5 हजार रुपए निकाल देंगे, एक आदमी तुम्हारे पीछे लगा देंगे, इनका इंतजाम हम कर रहे हैं।एक जिम्मेदार पद पर बैठे थाना प्रभारी की इस तरह की भाषा ने पुलिस की छवि और आम जनता के प्रति उनके व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।वीडियो वायरल होने के साथ ही इंस्पेक्टर से जुड़ा एक और गंभीर मामला चर्चा में आ गया है। सूत्रों के मुताबिक, बीते दिन ही एक महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी के कार्यालय पहुंचकर इंस्पेक्टर अवध राज सिंह सेंगर के खिलाफ लिखित शिकायत (तहरीर) दी है, जिसमें उन पर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।एक तरफ महिला द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप और दूसरी तरफ पत्रकार को धमकी देने का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है।

एआईएमआईएम ने हाजी सईद हुसैन गौरी को सौंपी जिला अध्यक्ष बौद्धिक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



खीरी टाउन-खीरी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने हाजी सईद हुसैन गौरी को जिला अध्यक्ष (बौद्धिक प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकताओं के बीच चर्चा है।हाजी सईद हुसैन गौरी इससे पहले भी पार्टी में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। नई नियुक्ति से पूर्व वह जिला महासचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही वह केपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर भी कार्यरत हैं।आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए पार्टी के इस फैसले को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब नई जिम्मेदारी के तहत जिले में पार्टी की गतिविधियों और संगठन को लेकर उनकी भूमिका पर नजर रहेगी।

राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बरवर रोड

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता



मोहम्मदी, खीरी में फाइलेरिया उन्मूलन एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को फाइलेरिया से बचाव की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री रामकुमार यादव ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया से बचाव के उपायों, स्वच्छता तथा समय पर दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कुकरा पुलिस चौकी की कमान संभालते ही एक्शन मोड में आए जांबाज दरोगा वीरेंद्र सिंह!

सुनहरा संसार सिकंदर आजम



कुकरा,खीरी। आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस महकमे में किए गए फेरबदल के तहत मैलानी थाना क्षेत्र की अति संवेदनशील पुलिस चौकी कुकरा की कमान जांबाज एवं तेजतर्रार दरोगा वीरेंद्र सिंह को सौंपी गई है। नवागत चौकी प्रभारी की तैनाती के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। वहीं अपराधियों, अराजकतत्वों और कथित दलालों में पुलिस की सख्ती को लेकर हलचल तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।चौकी का कार्यभार संभालने के बाद नवागत प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस अधीक्षक के आदेशों तथा शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी।उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में बाधा उत्पन्न करने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने तथा हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून के दायरे में आने वाले दोषियों के विरुद्ध आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाएगी,

चेक बाउंस के लंबित वादों के निस्तारण हेतु 21 नवंबर को होगी विशेष लोक अदालत

ब्यूरो एच्च सिद्दीकी

झांसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी श्रीमती कमलेश कच्छल के कुशल मार्गदर्शन में आगामी 21 नवंबर 2026 को परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) की धारा 138 (चेक बाउंस) से संबंधित वादों के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से दीवानी न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी (विशेष लोक अदालत) शरद कुमार चौधरी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव/सिविल जज (सीनियर डिवीजन) श्री मुन्ना लाल ने की। बैठक में संबंधित न्यायालयों को निर्देशित किया गया कि वे अपने न्यायालयों में विचाराधीन एन.आई. एक्ट की धारा 138 से संबंधित अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर 21 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। साथ ही पक्षकारों को समय से नोटिस तामील कराने तथा प्री-ट्रायल एवं काउंसलिंग के माध्यम से आपसी सुलह-समझौते की संभावनाएं तलाशने पर विशेष जोर दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनमानस एवं वादकारियों से अपील की है कि एन.आई. एक्ट की धारा 138 से संबंधित अपने लंबित वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विशेष लोक अदालत में निस्तारित कराकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विशेष लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण होने से दोनों पक्षों के समय एवं धन की बचत होती है तथा लंबे समय से चल रहे अदालती विवादों से मुक्ति मिलती है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम एवं पक्षकारों पर बाध्यकारी होता है तथा इसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती।

बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर प्रवीण सिंह ने की भव्य पुष्पवर्षा, श्याम भक्तों को वितरित किए फल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार, 20 नवंबर को बाँदा में भव्य निशान यात्रा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर शहर में बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने अपनी सहभागिता करते हुए निशान यात्रा के दौरान जगह-जगह भव्य पुष्पवर्षा कर श्याम भक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं कालू कुआँ में उन्होंने निशान यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों को फल वितरित किए और श्रद्धालुओं की सेवा की।पुष्पवर्षा से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बाबा खाटू श्याम के जयकारों और भजनों के बीच यात्रा आगे बढ़ती रही। प्रवीण सिंह जी ने बाबा खाटू श्याम के चरणों में शीश नवाकर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रवीण सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सहभागिता और श्रद्धालुओं की सेवा करना आत्मिक संतोष का विषय है। ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने के साथ ही समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त श्याम भक्तों को बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने आल्टो कार को मारी टक्कर, जिला अस्पताल की महिला डॉ की मौत, पति गंभीर

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में जिला अस्पताल (ओयल) में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. प्रीति श्रीवास्तव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बुधवार-गुरुवार (19/20 नवंबर) की दरमियानी रात को कोतवाली सदर की पुलिस चौकी क्षेत्र में करीब 11 बजे रामापुर तिराहे के पास हुआ, जब दंपती एक पारिवारिक कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे।नौरंगाबाद निवासी और बिजली विभाग में कार्यरत आलोक श्रीवास्तव अपनी पत्नी डॉ. प्रीति श्रीवास्तव के साथ शहर की ऑफिसर कॉलोनी में अपने मित्र दिनेश श्रीवास्तव के घर आयोजित एक समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात कार्यक्रम से लौटते समय रास्ते में उन्होंने कार में सीएनजी भरवाई और घर के लिए रवाना हुए। जैसे ही उनकी आल्टो कार रामापुर तिराहे के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार नई बोलेरो पिकअप ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि आल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके पति आलोक श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल आलोक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और डॉ. प्रीति के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई।दुर्घटना के बाद मौके से बरामद बोलेरो पिकअप की पहचान को लेकर मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि वाहन की बॉडी पर जहां नंबर प्लेट लगाई जाती है, वहां 'एमएच-14सी' लिखा हुआ है, जबकि घटनास्थल से पुलिस को 'यूपी-31 डीटी-0237' लिख?

भारत-नेपाल सीमा से सटे आठ जिलों के 300 गांवों में कल से बहेगी स्वास्थ्य सेवा की बयार; तीन लाख मरीजों के नि:शुल्क उपचार का लक्ष्य

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरीः भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के दूरस्थ, थारू बहुल और सीमांत गांवों तक आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से 'श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा' के सातवें संस्करण का आयोजन कल यानी 21 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक किया जा रहा है। श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास और नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (अवध, गोरक्ष एवं सहयोगी प्रांतों) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चार दिवसीय महाअभियान के तहत तीन लाख से अधिक जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष यात्रा का मुख्य केंद्र प्रदेश के आठ सीमावर्ती व जनजातीय बहुल जिले– पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज और सोनभद्र रहेंगे। इन जिलों के लगभग 300 दुर्गम गांवों में चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श, पैथोलॉजी जांच और दवाएं वितरित की जाएंगी। विशेष रूप से थारू जनजाति के लोगों में पाई जाने वाली आनुवंशिक रक्त संबंधी बीमारियों (जैसे सिकल सेल एनीमिया आदि) की जांच और उनके सुचारु उपचार की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सेवा भाव को समर्पित इस अभियान में देश के विभिन्न राज्यों के 150 प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से जुड़े लगभग 1,500 विशेषज्ञ डॉक्टर और मेडिकल छात्र अपने स्वयं के व्यय पर शामिल हो रहे हैं। शिविरों में केवल बीमारियों का इलाज ही नहीं होगा, बल्कि ग्रामीणों को पोषण, माहवारी स्वच्छता और संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

स्वर्गीय अजीज सिद्दीकी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट लीग का लीग मुकाबला रॉयल क्रिकेट अकादमी ने 28 रनो से जीत हासिल की

सुनहरा संसार अशफी खान



लखीमपुर खीरी। दिनांक 20 नवंबर 2026 को रॉयल फ्रूडेंस डिग्री कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड, सीतापुर रोड, लखीमपुर खीरी में स्वर्गीय अजीज सिद्दीकी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का लीग मुकाबला रॉयल क्रिकेट अकादमी एवं बी एन डी एस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में बी एन डी एस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 25 ओवर के मुकाबले में रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम 25 ओवर खेलकर 05 विकेट के नुकसान पे 136 रन बनाए। टीम की ओर से राघव शुक्ला ने 29 रन, भूमिक अवस्थी 18 रन व कनिष्क 11 रन नाबाद बनाए। बी एन डी एस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष बाजपेई ने 02 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने बी एन डी एस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 21 ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बी एन डी एस की ओर से अर्पित पाण्डेय 40 रन, शशांक 22 रनो का योगदान दिया ।रॉयल क्रिकेट अकादमी क्रिकेट अकादमी की ओर से ,हार्दिक सैनी 04 विकेट, अभिजीत मौर्य 03 विकेट हासिल किए । मैच में हार्दिक सैनी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि रोहित मित्तल व शुभ्रांशु तिवारी के कर कमलों के द्वारा प्रदान किया गया। मैच के दौरान अभिषेक शुक्ला , रामजी दीक्षित,अमित अग्रवाल एस के सिंह तोमर ,फारुख हसन, राकेश कुमार गुप्ता,नीरज शुक्ला रवि शंकर तिवारी ,मालिक इरफान मासी अहमद खान श्याम मोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

धौरहरा से दिल्ली तक गूंज, शिप्रा अवस्थी की नियुक्ति से महिला कांग्रेस में नई जान, कार्यकर्ता बोले अब होगा बड़ा बदलाव

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी। कांग्रेस संगठन में लखीमपुर खीरी की बेटी का जलवा एक बार फिर कायम हुआ है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने धौरहरा क्षेत्र की जुझारू नेत्री श्रीमती शिप्रा अवस्थी पर भरोसा जताते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश प्रदेश महिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। 16 नवंबर 2026 को नई दिल्ली से जारी कार्यालय आदेश के बाद पूरे जिले में कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अपने आदेश में शिप्रा अवस्थी को शुभकामनाएँ देते हुए स्पष्ट किया है कि वह संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। सुखनीपुरवा, पोस्ट जटपुरवा, धौरहरा, लखीमपुर-खीरी निवासी शिप्रा अवस्थी की इस नियुक्ति को क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। लंबे समय से संगठन के लिए कार्य कर रही शिप्रा अवस्थी को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी मिलने से कार्यकताओं में नया जोश भर गया है। इस नियुक्ति की जानकारी उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शहला अहरारी को भी प्रतिलिपि के रूप में भेज दी गई है।

कृष्ण इंटर कॉलेज में APJA की बैठक संपन्न, दो दर्जन से अधिक लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

सुनहरा संसार उमेश कुमार अवस्थी



लखीमपुर खीरी। कृष्ण इंटर कॉलेज में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (APJA) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दो दर्जन से अधिक लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। सभी नवनियुक्त सदस्यों ने आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक का आयोजन संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के संरक्षण में किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला एवं तहसील अध्यक्ष रामनिवास दीक्षित सहित संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में विनोद तिवारी, अतुल मिश्रा, सत्यम शुक्ला, रवि त्रिपाठी, श्याम, बृजकिशोर, सिद्धांत राठौर, रचित शुक्ला, डॉ. नासिर, बाबू सलीम सिद्दीकी, हारून वाहिदी, प्रतीक तिवारी, श्रीकांत अग्निहोत्री, सोनू तिवारी और उत्तम कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और आगामी चुनाव में प्रभावी भागीदारी को लेकर चर्चा हुई। नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को शिक्षित, ऊर्जावान और सक्रिय लोगों के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। संगठन की एकजुटता और मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। लगातार नए लोगों के जुड़ने से संगठन का कुनबा बढ़ रहा है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए विशेष अभियान शुरू, 16 दिसंबर तक मिलेंगी आपत्तियां

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने और पहले से दर्ज विवरण में आवश्यक संशोधन कराने का अवसर दिया जा रहा है। अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए, इसके लिए विशेष तिथियों पर बूथ स्तर पर भी अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी के निर्देशन पर जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों 232-तिंदवारी, 233-बबेरू, 234-नरैनी (अजा) और 235-बांदा में 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक सभी मतदान केंद्रों और पदाभिहित स्थलों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। भारत निर्वाचन आयोग ने 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की हैं। इन दिनों संबंधित बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और विवरण में संशोधन के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रारूप-6 तथा किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार के लिए प्रारूप-8 भरकर संबंधित बीएलओ, पदाभिहित स्थल, मतदान केंद्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा तहसील कार्यालय में जमा किया जा सकता है। अभियान में विशेष रूप से अर्ह युवा, पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों, छूटे हुए मतदाताओं, बेघर लोगों, दिव्यांगों और महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईवीएम और वीवीपैट के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 20 नवंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने किया। इसके साथ ही अतर्रा, पैलानी, नरैनी, बांदा और बबेरू तहसीलों में भी संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से प्रदर्शन केंद्र शुरू किए गए हैं। ये केंद्र निर्वाचन अधिसूचना जारी होने की तिथि तक संचालित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जांचने की सुविधा मतदाता अपना नाम और विवरण भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर सर्च योर नेम इन वोटर लिस्ट विकल्प के माध्यम से देख सकते हैं। इसके अलावा और ईसीआईनेट मोबाइल ऐप से भी मतदाता सूची संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जनपद की मतदाता सूची' पर भी उपलब्ध है। हेल्प डेस्क और टोल फ्री नंबर की सुविधा मतदाताओं की सहायता के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला संपर्क केंद्र बनाया गया है, जो 17 नवंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक संचालित रहेगा। मतदाता किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अपील की गई है कि 21 और 22 नवंबर को विशेष अभियान के दौरान पात्र एवं छूटे हुए मतदाता संबंधित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं।

टी पी आर एस एजुकेशनल इंस्टिट्यूट मोहमदी खीरी में खेल महोत्सव रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता



तहसील मोहमदी का शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालय टी0पी0आर0एस0 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट मोहमदी खीरी में आज दिनांक 20/11/2026 को दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर मोहमदी तहसील के उपजिलाधिकारी महोदय श्री राजेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनका स्वागत पुष्प भेंट कर व बैज लगाकर किया गया विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के गौरवशाली ध्वज के साथ शानदार परेड एवं मुख्य अतिथि को दी गई सलामी ने दर्शक जनों का मन मोह लिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पाअर्पण कर किया गया मुख्य अतिथि द्वारा मसाल जलाकर खेलों का शुभारंभ किया गया खिलाड़ियों ने जलती मसाल के साथ खेल मैदान की परिक्रमा कर मानो प्रत्येक कदम में उजाला और उत्साह की लो जला दी हो तत्पश्चात योग के बच्चों ने संतुलन लचीलापन एकाग्रता और आत्म नियंत्रण का संदेश दिया योग के प्रतिभागी बच्चों ने मैदान में उच्च स्तर का प्रदर्शन दिखाया योग के प्रतिभागी बालक बालिकाओं ने क्रमशः ताड़ासन गरुड़ासन त्रिकोणासन गोमुखासन धनुरासन शीर्षासन आज अनेक आसनों का प्रदर्शन के साथ ह्लकरो योग रहो निरोगह्व का संदेश दिया तत्पश्चात विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया. जिसमे क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, बैग पैक रेस, बैडमिंटन और बालीवाल खेल प्रतियोगिता हुई/ मुख्य अथिति ने अपने उदबोधन में छात्रों को खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के मामत्व और अनुशासन की सराहना की विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने खेल के महत्व को बताते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया